हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

नगरीय निकाय चुनाव में हार के बाद कांग्रेस में सियासत तेज

**आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी**

## कांग्रेस विधायक और पार्टी पर भितरघात का आरोप

### ग्रामीण के अध्यक्ष रहे भागवत साहू ने पार्टी से दिया इस्तीफा

*नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद अंदरूनी तकरार बढ़ गई है। कांग्रेस विधायक और पार्टी पर भितरघात का आरोप लगाकर राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रहे भागवत साहू ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा, नगरीय निकाय चुनाव में मुझे हराने के लिए पार्टी के नेताओं ने काम किया। वहीं पार्टी के विरूद्ध बयान देने पर पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा को पीसीसी ने नोटिस जारी किया है। बिलासपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कोटा के कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव पर अनुशासन हीनता का आरोप लगाते हुए पार्टी से निष्कासित करने की अनुसंशा करते हुए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखा डाला है।*

# कांग्रेस में रार के बाद महाभारत, जिला अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा
# जुनेजा को नोटिस और अटल को पार्टी से बाहर करने पत्र

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

हरिभूमि खास

नगरीय निकाय चुनाव का परिणाम आने के बाद कांग्रेस में कोहराम मचा हुआ है। राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रहे भागवत साहू ने कांग्रेस विधायक और पार्टी पर भितरघात का आरोप लगाकर साहू समाज के बड़े नेता ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। भागवत साहू ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में मुझे हराने के लिए पार्टी के नेताओं ने काम किया। मेरी स्थिति काफी मजबूत थी लेकिन पार्टी की ओर से उनको मदद नहीं की गई। विधायक ने कांग्रेस के बागी की मदद की जिसके चलते उनकी हार हुई। संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, पार्टी के डोंगरगांव से विधायक दलेश्वर साहू, डोंगरगढ़ से विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवाज खान सहित कई नेताओं ने उनको हराने का काम किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर ही उनके ▶▶ शेष पेज 4 पर







### कुलदीप को पीसीसी का नोटिस

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा पर पार्टी के विरुद्ध बयान देने को लेकर कार्रवाई हो सकती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज पर हार का आरोप लगाने के बाद कुलदीप जुनेजा को नोटिस जारी किया गया है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने यह नोटिस जारी करते हुए तीन दिनों के अंदर लिखित जवाब देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा, प्रदेश कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 4 पर

## अटल पर जिला अध्यक्ष की तुलना चपरासी से करने आरोप

*बिलासपुर में कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव को पार्टी से निष्कासित करने की अनुशंसा की है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिख कर अपनी पीड़ा बताई है। उन्होंने अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए लिखा है कि 17 फरवरी को पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिहदेव का बिलासपुर आगमन हुआ था। उनसे मिलने एवं स्वागत के लिए शहर के कांग्रेसी गए थे, जिसमें कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। इसी बीच कोटा विधायक ने जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी पर सार्वजनिक टिप्पणी करते हुए कहा, तुमने मेरे सीने में छुरा घोपा है। साथ ही उन्होंने मीडिया में बयान दिया कि चपरासी कलेक्टर को निकाल रहे हैं। पत्र में लिखा है कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिहदेव के समक्ष अपनी ही पार्टी के जिलाध्यक्ष के प्रति जनप्रतिनिधि द्वारा टिप्पणी करते हुए संगठन के जिला प्रमुख को 'चपरासी' कहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह संगठन की अवमानना एवं अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। बिलासपुर नगर निगम चुनाव में विभिन्न वार्डों में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव अपने समर्थकों को टिकट दिलाना चाहते थे, परन्तु वे लोग तय मापदंडो के अनुरूप नहीं थे।*

# पंचायत चुनाव में जीत-हार के दावे, दिग्गजों के करीबियों की हार, पहले चरण में भाजपा भारी

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

चुनाव गैरदलीय आधार पर हुए हैं, लेकिन सभी जगहों पर सियासी दलों के लोगों ने अपनी पूरी ताकत झौंकी थी। इस बीच ये दिलचस्प दावे सामने आ रहे हैं कि किसी क्षेत्र में कांग्रेस समर्थित जीते, कहीं भाजपा का सफाया हो गया। कहीं भाजपा समर्थितों ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया है। हार जीत के दावों के बीच ये बातें भी सामने आ रहीं हैं कि कहीं कोई नेता, मंत्री का भाई, पुत्र जीता तो किसी नेता का बेटा-बेटी हारी या करीबी रिश्तेदार जीत नहीं पाया। इन सब दावों का खुलासा आधिकारिक परिणाम आने के बाद होगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

*छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया है। 17 फरवरी को मतदान के बाद उसी दिन वोटों की गिनती पूरी होने के बाद परिणाम सामने आ रहे हैं। हालांकि राज्य निर्वाचन आयोग ने परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। लेकिन स्थानीय स्तर पर मतगणना पूरी होने के बाद हार-जीत के दावे भी किए जा रहे हैं।*

### स्थानीय स्तर पर मतगणना के बाद सामने आए दावे
### निर्वाचन आयोग ने नहीं की है आधिकारिक घोषणा



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का पहला चरण, बेखौफ पहुंचे ग्रामीण

इतिहास में पहली बार नक्सलियों ने नहीं किया चुनाव बहिष्कार, वोटिंग के लिए लंबी लाइनें

शहरों से ज्यादा गांवों की महिलाएं जागरुक, जमकर किया मतदान

### धमतरी में भाजपा की जीत का दावा

धमतरी जिले में पहले चरण में जनपद पंचायत के 25 सीट और जिला पंचायत के 6 सीटों के लिए चुनाव हुआ है। धमतरी जनपद पंचायत में 25 में से 18 सीट में भाजपा तो 7 सीट में कांग्रेस की जीत का दावा किया गया है। जिला पंचायत के लिए पहले चरण में 6 सीटों के लिए हुए चुनाव में 5 सीट में भाजपा की हुई जीत,एक सीट में कांग्रेस ने जीती। यहां जिला पंचायत में कुल 13 सीट है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से सीएम के समधी टीकाराम कंवर जीते हैं।

### पंचायत चुनाव के पहले चरण में भाजपा की जबरदस्त जीत : साय

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। कई जिलों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए अपना वर्चस्व कायम किया। नारायणपुर, कवर्धा, खैरागढ़, कोंडागांव, मुंगेली और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जैसे जिलों में भाजपा ने सभी सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया। इन नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि प्रदेश में भाजपा की पकड़ लगातार मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शानदार प्रदर्शन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रत्याशियों और जनता को ▶▶ शेष पेज 4 पर



### जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव में भाजपा के 125 प्रत्याशी जीते

भारतीय जनता पार्टी त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सौरभ सिंह ने बताया प्रथम दौर के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद अभी तक जो आंकड़े उपलब्ध हुए हैं, उनमें 160 जिला पंचायतों की सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के 108 और भाजपा समर्थित 17 निर्दलीय (कुल 125) प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं। अन्य क्षेत्रों में अभी मतगणना का कार्य चल रहा है और उनमें भी हम भारी बहुमत से जीतेंगे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## साष्टांग दंडवत कर वार्ड की परिक्रमा कर रहे प्रत्याशी, प्रसाद बाटकर मांग रहे वोट



अनोखा चुनाव प्रचार

*शेख हसन खान ▶▶ मैनपुर*

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उम्मीदवार प्रचार के लिए मतदाता तक पहुंच रहे हैं। ऐसे में देवभोग ब्लाक के बाडीगांव पंचायत में वार्ड पंच के प्रत्याशी लखन सोनी का प्रचार का तरीका हटकर है। छग में पहली बार कोई प्रत्याशी साष्टांग दंडवत जमीन पर लुढ़कते हुए वार्ड का परिक्रमा कर अपने लिए वोट मांग रहा है। गांव में सहज सरल और आध्यात्मिक व्यक्तित्व पहचान रखने वाले लखन के वोट मांगने के अनोखे तरीके से मतदाता भी काफी प्रभावित हैं। लखन बाड़ीगांव के वार्ड नौ से पंच पद के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ✿ शोक संदेश ✿



सरदार सुरजीत सिंह जी भाटिया

अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूजनीय दारजी
सरदार सुरजीत सिंह जी भाटिया
का आज 18 फरवरी 2025 को दोपहर 3 बजे देहावसान हो गया है।

**अंतिम यात्रा**

कल 19 फरवरी 2025 को संध्या 3.30 बजे
निवास स्थान सिविल लाइन रायपुर से मारवाड़ी श्मशान घाट,
बूढ़ा तालाब के लिए प्रस्थान करेगी।

शोकाकुल

श्री गुलबीर सिंह भाटिया - छोटे भाई
प्रभतेज सिंह भाटिया - पौत्र
बलदेव सिंह भाटिया (पप्पू भाटिया) - पुत्र
गुरप्रीत सिंह भाटिया (नीलू भाटिया) - पुत्र



अयोध्या में दर्शन मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के ऊपर था ड्रोन

# राम मंदिर के ऊपर पहुंचा ड्रोन... मचा हड़कंप, सुरक्षा बलों ने मार गिराया

एंटी ड्रोन सिस्टम से सुरक्षा बलों ने लिया तुरंत एक्शन



एजेंसी ▶▶| अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या से सनसनीखेज खबर है। राम मंदिर परिसर में जबरदस्त भीड़ के बीच सोमवार को ड्रोन उड़ता हुआ पहुंच गया। दर्शन मार्ग पर उड़ रहे ड्रोन को देखकर हड़कंप मच गया। सुरक्षा कर्मी तुरंत अलर्ट हो गए। एंटी ड्रोन सिस्टम से सुरक्षा बलों ने ड्रोन को मार गिराया है। सूचना पर बम डिस्पोजल दस्ता पहुंचा। ड्रोन की सघन जांच की है। जांच में सब कुछ सामान्य मिला है। पुलिस अब ड्रोन कैमरा उड़ाने वाले शख्स की तलाश कर रही है। प्रयागराज महाकुंभ के कारण रामलला के दर्शन करने अयोध्या राम मंदिर में भारी भीड़ पहुंच रही है। सोमवार को भी मंदिर में जबरदस्त भीड़ थी। शाम 7 बजे राम मंदिर परिसर में ड्यूटी पॉइंट, बैचिंग प्लांट के पास ड्रोन कैमरा उड़ते हुए पहुंचा।

### दर्ज कराई गई एफआईआर

घटना के बाद अयोध्या के कटरा चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने राम जन्मभूमि थाने में मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। सुनील ने एफआईआर में बताया कि राम मंदिर परिसर में ड्यूटी पॉइंट, बैचिंग प्लांट के पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ड्रोन कैमरे को प्रतिबंधित क्षेत्र में उड़ाते हुए जानबूझकर गिराया गया।शक है कि भगदड़ मचाने की साजिश के तहत भारी भीड़ के बीच ड्रोन उड़ाया गया।

### राम मंदिर क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित

बता दें कि राम मंदिर क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। हवाई जहाज तक को मंदिर के ऊपर से उड़ने की परमिशन नहीं है। ड्रोन उड़ाने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ती है। राम मंदिर की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसएसएफ यानी स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स के हाथों में हैं। 200 जवान मंदिर की सुरक्षा में तैनात हैं।

## इधर ममता का विवादित बयान, महाकुंभ बन गया है 'मृत्यु कुंभ'

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विवादित बयान दिया है। योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने बंगाल विधानसभा में कहा कि महाकुंभ अब 'मृत्यु कुंभ' में बदल गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि महाकुंभ में वीवीआईपीएस को खास सुविधाएं दी जा रही हैं, जबकि आमलोगों को वहां भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने महाकुंभ में हुए भगदड़ पर भी भाजपा सरकार को घेरा और कहा कि वहां भीड़ नियंत्रण के इंतजाम नहीं हैं। बनर्जी ने कहा, 'यह 'मृत्यु कुंभ' है... मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूं, मैं पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं लेकिन कोई योजना नहीं है... कितने लोग बरामद हुए हैं?... अमीरों, वीआईपी लोगों के लिए 1 लाख रुपये तक के कैंप (टेंट) की व्यवस्था है।



अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला

## आरोपी क्रिश्चियन मिशेल को मिली जमानत



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में छह साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिया था। सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ रुपये के 12 वीवीआई हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही हैं। उसे दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दिसंबर 2018 में हिरासत में लिया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह साल से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जेम्स को निचली अदालत द्वारा तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा। जेम्स ने मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।

# तारीख वही, टाइमिंग नई... दिन में होगा दिल्ली के नए सीएम का शपथ ग्रहण

सिंगर-एक्टर से लेकर बाबा तक कई दिग्गज होंगे समारोह में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की टाइमिंग बदल गई है। पहले जहां 20 फरवरी की शाम 4.30 बजे दिल्ली के नए सीएम का शपथ ग्रहण होना था तो वहीं अब यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे होना निश्चित हुआ है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का समय जरूर बदला गया है, लेकिन तारीख वही है। यानी अब दिल्ली के नए सीएम का शपथ ग्रहण कार्यक्रम अब 20 फरवरी को सुबह 11 बजे होगा। आयोजन के लिए स्थान (रामलीला मैदान) तय कर लिया गया है। हालांकि, अब तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर सहमति नहीं बन सकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि बुधवार 19 फरवरी को होने वाली विधायक दल की बैठक में सीएम के नाम का ऐलान किया जा सकता है।

### रामलीला मैदान में चल रही समारोह की जोर-शोर से तैयारियां



#### 27 साल बाद सत्ता में वापसी

दिल्ली को जल्द ही नई सरकार मिलने वाली है। 20 फरवरी को बीजेपी नई सरकार का गठन करने वाली है। इसको लेकर रामलीला मैदान को किसी दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। भाजपा पूरे 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी कर रही है, ऐसे में इस समारोह में कोई कमी न हो, इसका खास ध्यान रखा जा रहा है।

### मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी भी होंगे शामिल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कल यानी 19 फरवरी को बीजेपी विधायक दल की बैठक करने वाली है। इस बैठक में दिल्ली के नए सीएम के नाम पर मुहर लग सकती है। इस समारोह में एनडीए शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा एनडीए के सभी समर्थक दलों को भी इस समारोह में बुलाया जाएगा। इसके अलावा साधु-संतों, के अलावा फिल्मी सितारे और बड़े बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी को भी न्योता भेजा जाएगा।

#### धीरेंद्र शास्त्री को भी निमंत्रण

इस समारोह में शामिल होने के लिए जिन साधु-संतों को न्योता भेजा जाएगा उनमें धीरेंद्र शास्त्री, स्वामी चिदानंद और योग गुरु बाबा रामदेव समेत कई अन्य साधु-संत भी शिरकत करने वाले हैं। देश के सभी केंद्रीय मंत्रियों को भी आमंत्रित किया जाना है, इतना ही नहीं, देश के कई नामी खिलाड़ियों को भी संदेश भेजे जाने की तैयारी है।

### शामिल नहीं होंगे नीतीश



एनडीए खेमे से बड़ी खबर है कि एनडीए के बड़े चेहरे और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगे। वजह सीएम नीतीश की 20 और 21 तारीख को उनकी प्रगति यात्रा बताई गई है। वहीं, बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

# महिलाओं के लिए छह महीने में कैंसर का टीका

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री बोले- शोध पूरा, परीक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छत्रपति संभाजीनगर

अच्छी खबर

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं को होने वाले कैंसर के इलाज के लिए पांच से छह महीने में टीका उपलब्ध हो जाएगा और नौ से 16 वर्ष की लड़कियां इसके लिए पात्र होंगी। केंद्रीय आयुष मंत्री ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि टीके पर शोध का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और परीक्षण जारी हैं। जाधव ने कहा, "देश में कैंसर के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है और केंद्र सरकार ने इस मुद्दे को हल करने के लिए कदम उठाए हैं। 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं की अस्पतालों में जांच की जाएगी और बीमारी का जल्द पता लगाने के लिए 'डेकेयर कैंसर सेंटर' स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर सीमा शुल्क भी हटा दिया है। मंत्री ने कहा, महिलाओं को प्रभावित करने वाले कैंसर के लिए टीके पर शोध का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और परीक्षण जारी हैं। यह पांच से छह महीने में उपलब्ध हो जाएगा और नौ से 16 वर्ष की आयु की लड़कियां टीकाकरण के लिए पात्र होंगी।

### वैक्सीन पर हो रहा अंतिम परीक्षण

स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने बताया कि इस वैक्सीन पर शोध लगभग पूरा हो चुका है और इसका परीक्षण अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा, देश में कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ रही है और केंद्र सरकार इस समस्या को दूर करने के लिए कदम उठा रही है।

# 'रणनीतिक साझेदारी' में तब्दील हुए भारत और कतर के द्विपक्षीय संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख अल थानी के बीच मंगलवार को हुई द्विपक्षीय बैठक में लिया गया यह महत्वपूर्ण निर्णय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच मंगलवार को राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर दोहरे कराधान सहित कुल 7 समझौतों व एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। रणनीतिक साझेदारी के तहत दोनों के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक-नवाचार, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भारत और कतर ने आगामी पांच वर्षों में यानी 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को 14.8 बिलियन डॉलर से दोगुना कर 28 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### इन समझौतों-एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

मंत्रालय में सचिव ने कहा, भारत और कतर के बीच बैठक के बाद 2 समझौतों और 5 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाने के लिए कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिल अब्दुल रहमान अल सानी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर के बीच समझौते का आदान-प्रदान किया गया। एक संशोधित समझौता आय पर कर से जुड़े दोहरे कराधान से बचने और राजकोषीय चोरी की रोकथाम के लिए किया गया। आर्थिक भागीदारी, अभिलेखागार, युवा मामलों और खेल को लेकर दस्तावेजीकरण सहित संयुक्त बिजनेस फोरम में निवेश के लिए इनवेस्ट इंडिया और कतर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मांगी जानकारी, लापरवाही मिलने पर कार्रवाई
- बीएससी की आठ पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 6 सीटों पर अतिरिक्त प्रवेश

### दस्तावेजों के आधार पर सूची जारी

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची जारी कर दावा आपत्ति मंगाया गया। 21 फरवरी तक दावा आपत्ति काउंसिलिंग कमेटी के समक्ष जेएन मेडिकल कालेज में प्रस्तुत किया जा सकता है। जारी सूची में एमएससी नर्सिंग में ऑनलाइन 547, ऑफलाइन 170 मिलाकर 717, पोस्ट बेसिक नर्सिंग में ऑनलाइन 2425 तथा ऑफलाइन 109 कुल 2534 तथा बीएससी नर्सिंग 2430 ऑफलाइन और 2425 ऑनलाइन मिलाकर कुल 4855 लोगों का एडमिशन हुआ है।

# सात नर्सिंग कालेजों की कुल सीटें 481, एडमिशन दे दिया 495 को, सभी को नोटिस, कड़ी कार्यवाही की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मनमानी का क्या हाल है, यह देखना है तो नर्सिंग कालेजों के एडमिशन को देखिए। छत्तीसगढ़ के सात कालेजों में कुल सीटें 481 थीं। लेकिन एडमिशन दे दिया 495 छात्रों को। जांच के बाद छात्रों के भविष्य पर सवाल खड़ा हो गया है। हैरत की बात यह है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के अफसरों ने हिदायत दी थी, कालेज संचालकों ने सीटों से अधिक छात्रों को एडमिशन दे दिया। बीएससी नर्सिंग की 8 और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 6 सीटों पर अतिरिक्त प्रवेश का मामला खुलने के बाद इन कालेजों से जवाब मांगा गया है। उन्हें चेतावनी दी गई है कि लापरवाही तय होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी और ▶▶|शेष पेज 4 पर

**बीएससी नर्सिंग एडमिशन**

| | | |
|---|---|---|
| बिलासा इंस्टी. ऑफ नर्सिंग बिलासपुर | 80 सीट | 81 एडमिशन |
| कांफ्लुएंस कालेज ऑफ नर्सिंग नांदगांव | 60 सीट | 61 एडमिशन |
| ग्रेसिएस कालेज ऑफ नर्सिंग रायपुर | 60 सीट | 61 एडमिशन |
| होलीक्रास कालेज ऑफ नर्सिंग सरगुजा | 61 सीट | 62 एडमिशन |
| संदीपनी एकेडमी बिलासपुर | 100 सीट | 101 एडमिशन |
| सृष्टि नर्सिंग कालेज रायपुर | 60 सीट | 63 एडमिशन |
| **पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश** | | |
| श्रीनारायणा नर्सिंग इंस्टी. रायपुर | 60 सीट | 66 एडमिशन |



हरिभूमि खास

### डीएमई कार्यालय से अपडेट नहीं हुआ

कालेज में एडमिशन का जो अंतर आया है, वह प्रथम और द्वितीय काउंसिलिंग के दौरान प्रवेश रद्द कराने वालों से संबंधित है। इस संबंध में कालेजों द्वारा पत्र जमा कराया गया था, जिसे सूची तैयार करने के दौरान डीएमई कार्यालय से अपडेट नहीं किया गया। कालेज प्रबंधन द्वारा कमेटी के सामने उपस्थित होकर इसे अपडेट करा लिया जाएगा।

- **महेन्द्र चौबे,** प्रदेश अध्यक्ष, प्राइवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन छत्तीसगढ़

**यात्रियों की बढ़ी परेशानी**

## आज से तीन दिन तक सारनाथ के थमेंगे पहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के आयोजन का अंतिम समय चलने के कारण भीड़ लगातार जा रही है। इसी समय रेल प्रशासन ने प्रयागराज के लिए सबसे जरूरी ट्रेन सारनाथ के पहियों को 19 से 21 फरवरी तीन दिन तक थामने का आदेश जारी कर दिया है। रेलवे के तुगलकी फरमान से प्रदेश से हजारों की संख्या में कटनी, प्रयागराज और बनारस की ओर जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।

प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ का आयोजन शुरु हो गया है। इस आयोजन से पहले रेल प्रशासन ने कोहरे के नाम से सारनाथ एक्सप्रेस को पहले ही 28 फरवरी तक रद्द करने का आदेश जारी कर दिया था। महाकुंभ में जाने के लिए प्रदेश ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सबसे जरूरी ट्रेन

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन शुरु हुए एक माह से अधिक हो चुके हैं। सारनाथ एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें ज्यादातर लोग अस्थि विसर्जन और पिंडदान करने के लिए प्रयागराज और बनारस तक सफर करते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार चार राज्य से चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में साल भर यात्रियों की काफी भीड़ रहती है।

### दुर्ग से कटनी मुरवारा तक दिक्कत

तीन से चार दिन तक सारनाथ एक्सप्रेस के रद्द होने के कारण दुर्ग से कटनी मुरवारा तक यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बिलासपुर डिवीजन के अलावा ट्रेन रायपुर डिवीजन के दुर्ग स्टेशन से रवाना होकर रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, कटनी मुरवारा होकर मैहर से प्रयागराज होते हुए छपरा तक पहुंचती है। जिन स्टेशनों पर सारनाथ एक्सप्रेस के स्टापेज नहीं होते हैं, उन स्टेशनों के यात्री भी दूसरी ट्रेन या दूसरे संसाधन से सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करने के लिए पहुंचते हैं।

### सऊदी अरब की मध्यस्थता में अमेरिका और रूस के बीच पहली बैठक

# रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने की अटकलें शांति वार्ता के लिए बनेगी हाईलेवल टीम

*यूक्रेन की जंग खत्म करने की दिशा तलाशने के लिए सऊदी अरब ने अमेरिका और रूस के बीच पहली बैठक की मध्यस्थता की। इस बैठक का उद्देश्य यह आम सहमति बनाना था कि दोनों देश मिलकर किस तरह यूक्रेन में रूसी जंग को रोक सकते हैं। अमेरिका-रूस के अधिकारी यूक्रेन में शांति और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने को लेकर वार्ता के लिए हाई लेवल टीम बनाने पर राजी हुए। हालांकि इस बैठक में यूक्रेन शामिल नहीं हुआ।*

एजेंसी ▶▶| रियाद

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि दोनों पक्ष मोटे तौर पर तीन चीजों पर सहमत हुए हैं। इसमें वाशिंगटन और मॉस्को में अपने-अपने दूतावासों में स्टाफ की बहाली, यूक्रेन शांति वार्ता का समर्थन करने के लिए एक हाई लेवल टीम का गठन और घनिष्ठ संबंधों व आर्थिक सहयोग की संभावनाएं तलाशना शामिल है। दोनों दूतावासों को कई सालों के दौरान बड़ी संख्या में राजनयिकों के निष्कासन से भारी नुकसान हुआ है। इसकी वजह से दोनों देशों के संबंध में खटास आ गई। अमेरिका ने यूरोपीय देशों के साथ मिलकर रूस पर कई प्रतिबंध लगा दिए हैं। सऊदी अरब की मध्यस्थता में चार घंटे चली बैठक में माना जा रहा था कि जल्द ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच भी द्विपक्षीय वार्ता का रास्ता साफ होगा, लेकिन बैठक में इसपर भी फिलहाल कोई सहमति नहीं बनी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रूसी प्रतिनिधि ने बताया कि पुतिन-ट्रंप की मीटिंग की तारीख बताना जल्दबाजी होगी।

## रूस-यूक्रेन युद्धविराम के लिए यूक्रेन ने रखी शर्त

### बैठक में खुद यूक्रेन अभी तक शामिल नहीं

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर लंबी बातचीत के बाद ट्रंप सऊदी अरब की मध्यस्थता में रूस के साथ वार्ता की शुरुआत कर रहे हैं, लेकिन खास बात ये है कि यूक्रेन की किस्मत तय करने वाली इस वार्ता का ख़ुद यूक्रेन अभी तक हिस्सा नहीं है। ना ही वो यूरोपीय देश इसमें शामिल हैं, जो लगातार यूक्रेन के पीछे खड़े रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की साफ कर चुके हैं कि वो ऐसे किसी समझौते को नहीं मानेंगे जिसका यूक्रेन हिस्सा नहीं होगा।



### अमेरिका-रूस में किन मुद्दों पर सहमति?

अमेरिका की तरफ से टैमी ब्रूस ने बताया कि रूस के साथ इस इस बात पर सहमति बनी कि दोनों मुल्क द्विपक्षीय संबंधों में आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए बातचीत का रास्ता तलाशेंगे। दोनों देशों में राजनयिक मिशनों को फिर से शुरू करने पर भी बातचीत होगी।

### समझौते की बात करना अभी जल्दबाजी

रूसी प्रतिनिधि किरिल दिमित्रिव ने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद समझौते की बात करना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को सुनना शुरू कर दिया है। एक-दूसरे के साथ सम्मान और समानता का व्यवहार कर रहे हैं।

### इन मुद्दों पर मंथन

- अमेरिका और रूस हाई-लेवल टीम बनाएंगे, जो स्थायी होगा और सभी को स्वीकार्य होगा
- यह टीम रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए दिशा तलाशेंगे
- दोनों मुल्कों को सहमत करने और रूस-यूक्रेन के बीच समझौते पर स्वीकार्यता हासिल करने जिम्मेदारियां होंगी
- जंग समाप्त होने के बाद अमेरिका और रूस आपस में किस तरह काम करेंगे, इसको लेकर वे जियोपालिटिकल मामलों और आर्थिक निवेश जैसे मुद्दों पर भी सहयोग स्थापित करेंगे
- बीच-बीच में दोनों मुल्क बातचीत की भी निगरानी करेंगे, जिससे यूक्रेन में जल्द शांति कायम की जा सके

**आगामी सत्र को लेकर होगी चर्चा**

## कैबिनेट 22 को, बजट पर लगेगी मुहर, तीन मार्च को विधानसभा में होगा पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक मंत्रालय में सुबह 11.30 बजे से शुरू होगी, जिसमें आगामी विधानसभा के बजट सत्र को लेकर चर्चा होगी। कैबिनेट में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बैठक में अहम फैसले लिए जाने की संभावना

बैठक में सरकार के आगामी एजेंडे को लेकर भी अहम फैसले लिए जाने की भी संभावना है। कैबिनेट में अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। वहीं सत्र के दौरान लिए जाने वाले नए निर्णयों पर भी मंथन होगा।

## 'आप' को बड़ा झटका सत्येंद्र पर चलेगा केस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में सत्ता गंवाने के बाद आज आप को एक और झटका लगा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आप नेता सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चालने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को अनुमति दे दी है। बता दें कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ मंजूरी मांगी थी।

### पीएमएलए के तहत केस

मनी लॉन्ड्रिंग का मामला इस आरोप पर दर्ज किया गया था कि जैन ने 2015 से 2017 के बीच विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर चल संपत्ति अर्जित की थी, जिसका वह संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके। बाद में ईडी ने पीएमएलए के तहत भी मामला दर्ज किया।


## दंतेवाड़ा मंदिर से लाई गई छत्र और छड़ी 20 को कुलदेवी के रूप में नागौद जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर रियासत के राजपरिवार के वर्तमान युवराज कमलचंद्र भंजदेव 20 फरवरी को मध्यप्रदेश के नागौद रियासत के महाराजा शिवेन्द्र प्रताप सिंह की सुपुत्री भुवनेश्वरी कुमारी के साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे। विवाह के लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। बस्तर राजपरिवार की कुलदेवी बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी है। इसलिए राजा की शादी में देवी का छत्र और छड़ी भी नागौद रियासत ले जाई जाएगी। मंगलवार को दंतेवाड़ा मंदिर से प्रमुख पुजारी जिया बाबा के साथ कई ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बस्तर महाराजा की शादी में 2 चार्टर प्लेन में बाराती बनकर जाएंगे पुजारी, गायता, मांझी, चालकी, राजगुरू और कई सेवादार



महारानी प्रफुल्ल कुमारी देवी का 1923 में हुआ था विवाह, 102 साल बाद राजमहल महाराजा कमलचंद्र भंजदेव की शादी में सजा







बस्तर की प्रथम महिला शासिका महारानी प्रफुल्ल कुमारी देवी और राजकुमार प्रफुल्ल चंद्र भंजदेव !



### चार्टर प्लेन से पहुंची अपोलो अस्पताल ग्रुप की चेयर पर्सन पृथा रेड्डी

*हैदराबाद से अपोलो अस्पताल ग्रुप की चेयर पर्सन पृथा रेड्डी आज चार्टर प्लेन से शहर पहुंची। राजपरिवार को विवाह की बधाई देने विशेष तौर पर आज उनका आगमन हुआ। कुछ घंटे बिताने के बाद हैदराबाद लौट गई। फिल्म अभिनेता राहुल सिंह, रामपुर के नवाब नजीम अली खान,* ▶▶|शेष पेज 4 पर

## लाखों श्रद्धालुओं से भरने वाला राजिम कुंभ-कल्प इस बार हजारों में सिमटा

श्याम किशोर शर्मा ▶▶| राजिम

खास खबर

छत्तीसगढ़ का अपना कुंभ है राजिम कुंभ। इसे छत्तीसगढ़ का प्रयागराज भी कहा जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार इसे खूब महत्व देती रही हैं और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र भी रहा है। देशभर से साधु ▶▶|शेष पेज 4 पर



### कई कारणों से राजिम कुंभ कल्प फीका

छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम के कुंभ मेले में 15 से 25 लाख लोग यहां पहुंचते थे। इस बार कुछ ऐसे कारण हुए हैं जिसकी वजह से भीड़ कम नजर आ रही है। दिन की गर्मी मार्च और अप्रैल जैसी हो गई है। लोग दिन में आने से बच रहे हैं। छात्रों की परीक्षाएं चल रही हैं। किसान रबी फसल लगाए हुए हैं ▶▶|शेष पेज 4 पर



## चिंतन

# यूक्रेन के बिना यूएस-रूस वार्ता सिरे नहीं चढ़ेगी

अमेरिका का ट्रंप प्रशासन शायद जल्दी में है। रूस व यूक्रेन जंग समाप्त कराने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने की जल्दी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने सीधे रूस के साथ वार्ता-ए-आगाज की है। रूस व यूक्रेन के बीच शांति कायम करने के लिए यह वार्ता सऊदी अरब में हो रही है। चौंकाने वाली बात है कि युद्ध के अहम भागीदार यूक्रेन को इस वार्ता में शामिल ही नहीं किया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस वार्ता को लेकर नाराजगी जताई है और दोनों को साफ संदेश दिया है कि यूक्रेन वार्ता के किसी निर्णय को नहीं मानेगा। बड़ा सवाल है कि युद्ध यूक्रेन व रूस के बीच है, इसलिए वार्ता का पहला हक इन दोनों मुल्क को है। आखिर अमेरिका किस हैसियत से यह वार्ता कर रहा है? यूक्रेन ने न ही उसे अपना वार्ताकार नियुक्त किया है व न ही उसे मध्यस्थता के लिए कहा है। तो अमेरिका कहां खड़ा है? यदि अमेरिका रूस का मन टटोलने के लिए बात कर रहा है, तो उसने यूक्रेन को विश्वास में क्यों नहीं लिया? यूक्रेन अगर इस वार्ता के नतीजे को नहीं मानेगा तो आखिर इस वार्ता का औचित्य क्या रह जाएगा? हड़बड़ी में की गई अमेरिकी पहल से यह संदेश निकल रहा है कि यूक्रेन को युद्ध के लिए उकसाने में व साथ निभाने में अमेरिकी हाथ रहा है। अब अमेरिका यूक्रेन को अपने हाल पर छोड़ने की जल्दी में है। यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाने की अमेरिकी मंशा पर पानी फिरता दिख रहा है। ट्रंप से पहले की डेमोक्रेट सरकार की नीति रूस को अलग-थलग करने की थी, इसलिए खुले तौर पर यूक्रेन का साथ यूएस दे रहा था। अब ट्रंप प्रशासन दुनिया के पटल पर रूस को अलग-थलग करने की अमेरिकी नीति को बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसी क्रम में वह वार्ता कर रहा है, किंतु यूक्रेन को विश्वास में लेकर भी यह पहल अमेरिका कर सकता था। माह के शुरू में ट्रंप ने यूक्रेन और रूस के प्रति अमेरिकी नीति को बदल दिया था। अच्छा होता अमेरिका वार्ता टेबल पर रूस व यूक्रेन के साथ होता, जो भी बात होती, उसमें पारदर्शिता होती। यूक्रेन की संप्रभुता की अनदेखी करके कोई भी शांति वार्ता सफल नहीं हो सकती है। अतीत में कई उदाहरण हैं, जिसमें एक पक्षकार के बिना अंतरराष्ट्रीय मुद्दे सुलझाने की पहल औंधे मुंह गिरी है। अफ्रीकी महाद्वीप के बंटवारे के लिए वर्ष 1884-1885 की सर्दियों में जर्मनी ने यूरोप के शक्तिशाली देशों के साथ वार्ता की थी, पर इसमें अफ्रीका का कोई देश शामिल नहीं था। नतीजा 20वीं सदी का पहला नरसंहार व अत्याचार के रूप में निकला था। समोआ को लेकर जर्मनी, ब्रिटेन व अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय सम्मेलन में समोआ शामिल ही नहीं था। समोआ आज भी बंटा हुआ है। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश और फ्रांसीसी प्रतिनिधि के बीच ऑटोमन साम्राज्य के बंटवारे को लेकर साइक्स-पिकॉट समझौता हुआ, इसमें ऑटोमन शामिल नहीं था। ब्रिटेन व जर्मनी के बीच चेकोस्लोवाकिया को लेकर म्यूनिख समझौता को विश्वासघात के रूप में देखा जाता है। वर्ष 1938 में फ्रांस समेत 32 देशों ने जर्मनी में यहूदी शरणार्थियों की स्थिति पर एवियन सम्मेलन किया, जिसमें जर्मनी शामिल नहीं था। पोलैंड को लेकर जर्मनी व सोवियत संघ के बीच समझौता में पोलैंड शामिल नहीं था। वर्ष 1945 में अमेरिका, ब्रिटेन व सोवियत रूस के बीच यूरोप के भाग्य के फैसले को लेकर याल्टा सम्मेलन हुआ, जिसमें प्रभावित कोई मुल्क नहीं था। इसलिए अमेरिका को अतीत से सबक लेते हुए शांति वार्ता में रूस व यूक्रेन दोनों को शामिल करना चाहिए।

## काशी तमिल संगमम

सुभाष चन्द्र



# विश्वनाथ के साथ भारती का घर भी बन गया तीर्थ

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 फरवरी, 2025 को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का औपचारिक उद्घाटन किया। पतित पावनी गंगा के तट पर नमो घाट पर दो संस्कृतियों के मिलन को सहज ही समझा जा सकता है। तमिलनाडु से संगमम में शामिल होने के लिए जो भी जत्था आता है, वो पहले गंगा में स्नान करता है। मंदिरों में पूजन-परिक्रमा आदि करता है। बाबा विश्वनाथ का आशीष लेता है। साथ ही हनुमान घाट स्थित स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात कवि सुब्रह्मणयम भारती के घर जरूर जाता है। दरअसल, सनातन धर्म में मोक्ष की कामना लिए हर व्यक्ति अपने जीवनकाल में एक बार काशी आना चाहता है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी। यहां आदिदेव महादेव विराजते हैं। पुराणों और वैदिक ग्रंथों में इस नगरी की काफी महत्ता बताई गई है। विदेशी भी यहां घूमने आते रहे हैं। उत्तरवाहिनी गंगा के किनारे बसा यह नगर हमेशा से लोगों को आकर्षित करता रहा है। हाल के दिनों में यहां एक नया तीर्थ बन गया है। वह तीर्थ है - स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात कवि सुब्रह्मणयम भारती का घर। यूं तो तमिलनाडु से आने वाले अधिकतर लोग हनुमान घाट और केदार घाट पर गंगा में स्नान करते हैं। यहां से वह कई मठों में पूजा अर्चना करते हैं। उसके बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते रहे हैं। लेकिन, काशी तमिल संगमम के आयोजन से हनुमान घाट पर शंकर मठ के सामने स्थित सुब्रह्मणयम भारती का घर स्वयमेव तीर्थ बन गया है। हर खास और आम उनकी देहरी को नमन करना चाहता है, जहां सुब्रह्मणयम भारती ने अपना लगभग पूरा जीवन बिता दिया। असल में, केदार घाट और हनुमान घाट को काशी में मिनी तमिलनाडु कहते हैं। यहां सैकड़ों तमिल परिवार सदियों से निवास करते हैं। यहां इनकी पूरी संस्कृति दिखती है। पं. वेंकट रमण घनपाठी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु का गहरा रिश्ता है। ये समागम महज एक पखवाड़े का नहीं सदियों पुराना है। तमिल भाषा के महाकवि सुब्रमण्यम भारती ऐसे साहित्यकार थे, जो सक्रिय रूप से 'स्वतंत्रता आंदोलन' में शामिल रहे, जबकि उनकी रचनाओं से प्रेरित होकर दक्षिण भारत में आम लोग आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े। ये ऐसे महान कवियों में से एक थे, जिनकी पकड़ हिंदी, बंगाली, संस्कृत, अंग्रेज़ी आदि कई भाषाओं पर थी, पर तमिल उनके लिए सबसे प्रिय और मीठी भाषा थी। उनका 'गद्य' और 'पद्य' दोनों विधाओं पर समान अधिकार था। इन्हें महाकवि भरतियार के नाम से भी जाना जाता है। इनकी देश प्रेम की कविताएं इतनी श्रेष्ठ हैं कि इन्हें भारती उपनाम से ही पुकारा जाने लगा। सुब्रह्मणयम भारती का मानना था कि शिक्षा का माध्यम मातृभाषा रहे। स्वतंत्र रूप से सोचना-विचारना केवल मातृभाषा के माध्यम से ही संभव हो सकता है और उसी राष्ट्र की शिक्षा प्रणाली सफल हो सकती है, जो मातृभाषा के माध्यम से दी जाएगी। विलायती भाषा द्वारा पढ़ाई से राष्ट्रभाषा मन्द पड़ने लगेगी और कालान्तर में मिट ही जाएगी। आज की शिक्षा मस्तिष्क के विकास की है, जबकि मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए आत्मा का विकास महत्वपूर्ण है। हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है, जिसके द्वारा हम अपने अतीत के साथ न्याय करते हुए भविष्य की मांग के अनुरूप बन सकें। सुप्रसिद्ध कवि सुब्रह्मण्य भारती की प्रारंभिक कविताओं में तमिल राष्ट्रवाद का उल्लेख मिलता है, किन्तु स्वामी विवेकानंद के प्रभाव में आने के बाद उनकी जीवन के उत्तरार्ध में लिखी कवितायें भारतीय हिन्दू राष्ट्रवाद का गुणगान करती हैं। उन्होंने अपनी आत्मकथा में स्वीकार किया कि यह परिवर्तन उनकी गुरु भगिनी निवेदिता और स्वामीजी के कारण उत्पन्न हुआ। भारती का प्रिय गान बंकिम चन्द्र का 'वन्दे मातरम्' था। 1905 में काशी में हुए 'कांग्रेस अधिवेशन' में सुप्रसिद्ध गायिका सरला देवी ने यह गीत गाया। भारती भी उस अधिवेशन में थे। मद्रास लौटकर भारती ने उस गीत का उसी लय में तमिल में पद्यानुवाद किया, जो आगे चलकर तमिलनाडु के घर-घर में गूंज उठा।

*'अन्न चत्रम आथिरम वैत्तल आलयम पतिनारियम नाट्टल*
*अन्न याविलुम पुण्यम कोड़ो आंकोर एवैकु एलुत्तरिवित्तल'*

यह उद्गार हैं, सुब्रह्मण्य भारती के, जो हर तमिल पाठक के हृदय में वास करते हैं। शिक्षा दान को सर्वोपरि मानने वाले भारती केवल एक लेखक या कवि ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भी थे। उनके विचारों और लेखन में अपने समय से बहुत आगे की सोच थी। वे कथनी और करनी के बीच अंतर नहीं रखते थे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## कूटनीति

डॉ. एन.के. सोमानी

# गाजा पर ट्रंप के बयान से हलचल

> अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में एक प्रेस-कांफ्रेंस में गाजा के भविष्य को लेकर एक योजना प्रस्तुत की। ट्रंप ने कहा कि फिलिस्तीनी जनता को दूसरे देशों में स्थानांतरित कर गाजा को लग्जरी रिजॉर्ट में तब्दील किया जाएगा, जहां दुनिया का कोई भी व्यक्ति आ सकेगा। ट्रंप ने कहा कि वो युद्ध में तबाह हुए गाजा का पुनर्निर्माण करेंगे। पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने तक गाजा के लोगों को दूसरे अरब देश में बसाया जाएगा। अरब देश इसलिए भी हतप्रभ हैं, क्योंकि उन्होंने परियोजना को वास्तविकता का जामा पहनाने के लिए सेना भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया।

पिछले दिनों जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा पर नियंत्रण कर उसे लग्जरी पर्यटन केंद्र (मध्यपूर्व का रिवेरा) के रूप में तब्दील करने का ऐलान किया तो पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया में कूटनीतिक हलचल पैदा कर दी। मिस्त्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर फिलिस्तीन अथॉरिटी और अरब लीग ने संयुक्त रूप से ट्रंप की इस योजना की आलोचना की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका गाजा पर कब्जा करता है तो इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरिता को खतरा हो सकता है और संघर्ष और बढ़ सकता है। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी ट्रंप के बयान की आलोचना की। उनका कहना है कि गाजा पर समाधान की खोज में किसी भी प्रकार के जातीय सफाए से बचना आवश्यक है। अब मिस्त्र भी कूद गया है।

गुटेरेस के बयान से साफ है कि ट्रंप की इस योजना से क्षेत्रीय शांति पर असर पड़ सकता है। दरअसल, कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में एक प्रेस-कांफ्रेंस में गाजा के भविष्य को लेकर एक योजना प्रस्तुत की। ट्रंप ने अपनी योजना को दुनिया के सामने रखते हुए कहा कि फिलीस्तीनी जनता को दूसरे देशों में स्थानांतरित कर गाजा को लग्जरी रिजॉर्ट में तब्दील किया जाएगा, जहां दुनिया का कोई भी व्यकित आ सकेगा। ट्रंप ने योजना का खुलासा करते हुए यह भी कहा कि वो युद्ध में तबाह हुए गाजा का पुनर्निर्माण करेंगे। पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने तक गाजा के लोगों को दूसरे अरब देश में बसाया जाएगा। ट्रंप की परियोजना से अरब देश इसलिए भी हतप्रभ हैं, क्योंकि उन्होंने परियोजना को वास्तविकता का जामा पहनाने के लिए सेना भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। ट्रंप मूल रूप से एक अरबपति बिल्डर हैं। वो कारोबार की दुनिया से राजनीति में आए हैं। इसलिए जब गाजा के पुनर्निर्माण की बात आई तो उन्होंने यह कह दिया कि अगर गाजा को फिर से बसाना है तो उसके नागरिकों को मलबे में शरण नहीं देनी चाहिए। लेकिन 15 महीनों के युद्ध में जिस तरह से गाजा तबाह हुआ है उसे देखते हुए गाजा के पुनर्निर्माण में दशकों का समय लगेगा। यूएन के आंकड़ों के अनुसार इस समय गाजा में जितना कचरा जमा है उसे हटाने में कम से कम 21 साल का समय लग सकता है। उसका कहना है कि गाजा में 2008 से अब तक हुए संघर्ष में जितना मलबा पैदा हुआ है, उससे 17 गुना अधिक कचरा पिछले 15 महीने के युद्ध में हो गया है।

ऐसे में पहले तो बिना फटे हथियारों और मलबे के पहाड़ों को हटाना होगा। पानी-बिजली की सप्लाई बहाल करनी होगी। इसके बाद स्कूलों, अस्पतालों व दूसरे इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने होंगे। इस काम में कई साल लग सकते हैं। इसलिए ट्रंप चाहते हैं कि जब तक गाजा के पुनर्निर्माण का काम पूरा हो, तब तक फिलिस्तीनियों को कहीं दूसरी जगह जाना चाहिए। सवाल यह है कि जिस जमीन को लेकर बीते सवा साल में 50 हजार से अधिक फिलिस्तीनियों ने अपनी जान गंवा दी, उसे छोड़ने के लिए वे कैसे राजी हो सकते हैं।

पूरे मामले का सूक्ष्म अवलोकन करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप की पूरी परियोजना ही न केवल सवालों और संदेह के घेरे में हैं, बल्कि पूरी तरह से हवा-



हवाई, अनैतिक और कानूनी पेचिदगियों से भी भरी हुई है। पहला और सबसे अहम सवाल तो यह है कि इजरायल-हमास शांति समझौते के बीच उद्घोषित इस योजना को लागू करने का अर्थ क्या मीडिल ईस्ट को लेकर अमेरिकी नीति में आए बदलाव का संकेत है। अब तक अमेरिका 'टू-स्टेट सॉल्यूशन'को मान्यता देता था। वह इजरायल के साथ-साथ एक स्वतंत्र और संप्रभु फिलिस्तीन राष्ट्र का समर्थक रहा है। गाजा में फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने से क्या फिलिस्तीनी राज्य का दर्जा खत्म नहीं हो जाएगा। क्या ट्रंप की परियोजना अमेरिका पोषित 'द्वी राष्ट्रवाद' के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं है। दूसरा जिस तरह से फिलिस्तीनियों के विस्थापन की बात कही जा रही है, क्या उससे हमास-इजरायल शांति समझौता लागू होने से पहले ही खत्म नहीं हो जाएगा। नेतन्याहू के साथ बैठक से पहले ट्रंप कह चुके हैं कि उनके पास कोई गारंटी नहीं है कि गाजा में मौजूदा युद्धविराम समझौता कायम रहेगा। ऐसे में गाजा में बंधकों की रिहाई की उम्मीद क्या फिर खत्म हो जाएगी। तीसरा, योजना को उद्घाटित करने से पहले क्या ट्रंप ने गाजा की राजनीतिक, ऐतिहासिक और सुरक्षा संबंधी जटिलताओं पर भी कोई होमवर्क किया है। परियोजना पर अमेरिकी समर्थक अरब राष्ट्र भी विश्वास के लिए तैयार नहीं है। उनके संदेह के भी जायज कारण है। जिस तरह से ट्रंप ग्रीनलैंड को खरीदने, कनाडा को अमेरिका में मिलाने, मैक्सिकों की खाड़ी का नाम बदलने और पनामा नहर पर कब्जा करने की बात कर रहे हैं उससे भी ट्रंप की 'सद्इच्छा' पर संदेह होता है। संदेह की दूसरी बड़ी वजह बेंजामिन नेतन्याहू का 'ग्रेटर इजरायल' का सपना भी है। कहीं ऐसा तो नहीं कि गाजा के पुनर्निर्माण का काम पूरा होने के बाद ट्रंप सजा-संवरा गाजा इजरायल को सौंप दे। हालांकि ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका किस कानूनी आधार पर गाजा में इस तरह का कदम उठा सकता है। अंतरराष्ट्रीय कानून में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जिसके आधार पर बड़ी आबादी को जबरन विस्थापित किया सकता हो। गाजा फिलिस्तीनियों का घर है। 1948 के युद्ध के दौरान भी वे विस्थापन की पीड़ा भुगत चुके हैं, इसलिए, जाहिर है कि ट्रंप की योजना कानूनी और नैतिक दोनों ही दृष्टि से उचित नहीं हैं। अरब नेताओं ने दशकों तक फिलिस्तीनी राष्ट्रीय मुद्दे को अपनी राजनीति के केंद्रीय तत्व के रूप में रखा है। ट्रंप की योजना अरब राजनीति की इस केन्द्रीय तत्व को भी कमजोर करती है। फिलिस्तीनियों को जबरन दूसरी जगह भेजने की योजना न केवल टू-स्टेट सॉल्यूशन को खत्म करेगी बल्कि इसे अरब देशों द्वारा जातीय सफाए के रूप में भी देखा जाएगा।

जैसा कि यूएन महासचिव कर रहे हैं। योजना के पटाक्षेप के बाद जिस मुखरता से अरब देशों ने इसका विरोध किया है, उससे जाहिर है वे ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार करने के मूड में कतई नहीं है। ट्रंप की योजना पश्चिम एशिया में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति को मजबूत करने और मिडिल ईस्ट के देशों पर कड़ी नजर रखने (खासकर ईरान) का प्रयास भी हो सकती है। इसके अलावा लाल सागर पर भी अमेरिका अपना प्रभाव कायम करने की मंशा रखता है जिससे उसे अंतरराष्ट्रीय जल मार्ग पर बढ़त हासिल हो सके। हूती जैसे संगठनों पर लगाम लगाने के लिए भी यह योजना कारगर साबित हो सकती है। गाजा पर कब्जा कर वह हूती के गढ़ यमन पर भी अपनी पकड़ मजबूत कर सकते हैं। संदेह के तमाम कारणों के बीच अरब राष्ट्रों को जो सवाल सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है वह यह कि क्या यह ट्रंप का महज एक विवादित बयान है या इसके पीछे कोई गंभीर रणनीति छिपी हुई है। कहीं ऐसा तो नहीं कि ट्रंप अपनी इस योजना के जरिए पश्चिमी हितों को पूरा करने के लिए अरब शासन के विघटन का कोई नुस्खा दे रहे हैं।

(लेखक एमजेजीसी सूरतगढ़ (राजस्थान) में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है




संकलित

## दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# काम शुरू करने से ज्यादा है काम करते रहना



संकलित

## प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## कुंभ से पहुंचे वाराणसी



प्रयागराज कुंभ से वाराणसी पहुंचे आवाहन अखाड़े के साधुओं ने मंगलवार को यहां शोभायात्रा निकाली जिसमें नागा साधुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## आज की पाती

### महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्राय: हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*– पवन खेड़ा, महासमुंद*

## ट्रेंड

### विवादित बातों का निषेध



छत्रपति संभाजी महाराज इनको लेकर विकिपीडिया पर लिखी गई विवादित बातों का हम निषेध करते हैं, राज्य सरकार ने आईजी साइबर को विकिपीडिया से बात कर विवादित बातों को हटाकर सही जानकारी प्रेषित करने का आदेश दिया है।

-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### मतदाताओं की चिंता



भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर, मोदी सरकार ने हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है। नई सीईसी का चयन करने के लिए आधी रात को निर्णय लेना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए अपमानजनक और असभ्य दोनों है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### शहीदों का महत्व



ये बेहद निंदनीय और अशोभनीय है कि देश के लिए शहीद होने से अधिक महत्व किसी और को दिया जा रहा है। जिन्होंने न आज़ादी दिलाने में कोई भूमिका निभाई, न ही आज़ादी बचाने में वो शहीदों का महत्व क्या जानें।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मल्टीटास्किंग मजेदार



मैं हमेशा अच्छी चीजें करने वाले अच्छे लोगों के साथ मिलती हूं... जब आप हंसते हैं, काम करते हैं और बुनाई करते हैं तो मल्टीटास्किंग मजेदार होती है!

-काजोल, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# दक्षिणी लेबनान के ग्रामीण घर लौटने की तैयारी में



इजराइली सेनाएं मंगलवार को दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती गांवों से वापस लौट गईं। यह वापसी अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम समझौते में तय समय सीमा के अंतर्गत हुई, जिसके साथ ही इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच नवीनतम युद्ध समाप्त हो गया। लेबनानी सैनिक उन इलाकों में पहुंच गए हैं जहां से इजरायली सैनिक वापस चले गए थे और उन्होंने इजराइली सेना द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाना शुरू कर दिया है। साथ ही वे बिना विस्फोटकों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने गांवों की ओर जाने वाली मुख्य सड़क को बंद कर दिया ताकि किसी को भी अंदर जाने से रोका जा सके। ऐसा सेना द्वारा वहां मौजूद विस्फोटकों की तलाश कर उन्हें नष्ट करने के मद्देनजर किया गया है। गांव के अधिकांश लोग अपने घरों की जांच करने के लिए सड़क के किनारे अनुमति का इंतजार कर रहे थे, लेकिन कुछ लोग सड़क के अवरोधकों को हटाकर अंदर चले गए। हालांकि, इजरायली सैनिक लेबनान के अंदर पांच रणनीतिक निगरानी बिंदुओं पर बने हुए हैं। यह लेबनानी अधिकारियों और उग्रवादी गुट हिजबुल्लाह समूह के लिए एक गंभीर मुद्दा है, जिन्होंने कहा है कि इजरायल को मंगलवार तक पूरी तरह से वापस लौटना होगा।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी से बाहर खनन की होड़ ने पकड़ा जोर



जैसे-जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण और उपनिवेशीकरण का विस्तार होगा, पृथ्वी से बाहर के संसाधन तेजी से बढ़ता एक बाजार बनाएंगे। अंतरिक्ष में गहराई से खोज करने और अन्य ग्रहों पर उपनिवेश स्थापित करने का अभियान पिछले दशक में तेज हो गया है। विषम वातावरण में भी मूल्यवान संसाधन और खनिज प्राप्त करना लंबे समय से मनुष्यों के लिए आकर्षक रहा है। बहुमूल्य संसाधनों की तलाश में खतरों का सामना करने का हमारा इतिहास रहा है। 1800 के दशक में सोने की दौड़ से लेकर अंतरिक्ष संसाधनों में हालिया उछाल तक, मनुष्य दुर्लभ और लाभदायक सामग्रियों को खोजने और इकट्ठा करने के लिए जोखिम उठाने को तैयार रहा है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, हम सोने की अगली दौड़ के मुहाने पर हैं - लेकिन पृथ्वी पर नहीं। हाल की वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग सफलताओं और व्यावसायिक हितों के आधार पर, अगले दशक में पृथ्वी से बाहर खनन शुरू होने की उम्मीद है। संभावित खनन स्थलों में चंद्रमा, मंगल, क्षुद्रग्रह और यहां तक कि धूमकेतु भी शामिल हैं। अनुमान है कि 2050 तक चंद्रमा पर खनन, विशेष रूप से चंद्रमा पर मौजूद जल का बाजार अरबों डॉलर तक का हो सकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# फिल्म कन्नप्पा से प्रभास का रुद्र लुक रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है। फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म से अक्षय तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था।

## लाइफ Style

# रश्मिका



## टैग मिलने से नहीं मेहनत से बनता है कॅरियर

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक समय में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर थीं। 28 साल की उम्र में ही वो भारत की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने कहा कि टैग्स मिलने से करियर नहीं बनता, बल्कि मेहनत, लगन, लोगों का प्यार और उनकी फिल्में मायने रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से करियर शुरू करने वाली रश्मिका को लगा था कि ये उनकी पहली और आखिरी फिल्म होगी। रश्मिका मंदाना ने बताया, 'आज मैं 24 फिल्मों के बाद भी यहां हूं। मुझसे ज्यादा सुंदर और टैलेंटेड महिलाएं इंडस्ट्री में हैं, लेकिन मुझे अपनी इस जर्नी पर गर्व है। मैं अपने फैंस से गहराई से जुड़ी हुई हूं और ये मेरे लिए बहुत खास है'। पिछले दो सालों में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में दो बड़ी हिट फिल्में दी हैं। 2023 में 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम किया, जिसने 1,000 करोड़ से ज्यादा कमाए। वहीं, 2024 में 'पुष्पा 2: द रूल' में श्रीवल्ली के किरदार में वापसी कर 1,800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'छावा' है, जिसमें वे विक्की कौशल के साथ नजर आ रही हैं। ये फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसे लक्ष्मण उतेकर निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रश्मिका ने कहा, 'अगर साउथ और हिंदी इंडस्ट्री में एक साथ कोई इवेंट हो, तो तय करना मुश्किल होता है लेकिन मुझे हर जगह से इतना प्यार मिला है कि मैं अपनी नींद छोड़कर भी वहां पहुंचना चाहती हूं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'कैप्टन अमेरिका' की कमाई में गिरावट...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' भारत में रिलीज हुई। मार्वल प्रोडक्शन की इस फिल्म को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। जानिए, अब तक इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस कितना कलेक्शन किया? पांचवे दिन की इसकी कमाई क्या रही। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' ने पांचवें दिन लगभग 52 लाख रुपये ही कमाए हैं। यह कमाई पिछले दिनों के मुकाबले कम है। इस हॉलीवुड फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में लगातार गिरावट आ रही है।



# क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे मैट डेमन

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम की घोषणा हो गई है। बता दें कि इस फिल्म में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। ये खुशखबरी सामने आते ही अभिनेता के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में फिल्म रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं।

# न शोले, न मुगल-ए-आजम, ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म

**मुंबई।** आज के समय में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर 100-200 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप उस पहली भारतीय फिल्म का नाम जानते हैं, जिसने ये आंकड़ा छुआ था? ये उस दौर की बात है, जब फिल्में 10-20 करोड़ ही कमा लें तो ब्लॉकबस्टर की श्रेणी में आ जाती थीं। जब भी 100 करोड़ी फिल्मों की बात होती है तो 2000 के दशक में आईं 'गजनी' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों के नाम आते हैं। इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये आंकड़ा छुआ था, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पहली 100 करोड़ी फिल्म 80 के दशक में रिलीज हुई थी।




***डिस्को डांसर के बिके थे 12 करोड़ से ज्यादा टिकट*** : आपको बता दें कि ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी 'डिस्को डांसर' थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया।

# डिलेवरी बॉय से लेकर एसटीडी बूथ तक में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों में हीरो बनने का सपना लाखों एक्टर देखते हैं। लेकिन कुछ ही जुनूनी एक्टर्स का ये सपना सच हो पाता है। ऐसा ही एक जुनूनी अभिनेता है जिसने एक्टर बनने से पहले डिलेवरी बॉय के तौर पर काम किया। इतना ही नहीं एसटीडी फोन बूथ पर बतौर ऑपरेटर नौकरी की और क्लब्स में भी रोजगार तलाशते रहे।लेकिन जब हीरो बने तो धमाका कर दिया। अब इसी हीरो की फिल्म ने स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पटखनी दे डाली। हम बात कर रहे हैं 'सनम तेरी कसम' के हीरो 'हर्षवर्धन राणे' की।

***सनम तेरी कसम ने दुबारा रिलीज पर तोड़ा रिकॉर्ड*** : बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 9 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई। इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर अपनी पहली कमाई को पछाड़ दिया। इतना ही नहीं आमिर खान के लाडले जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया लेकिन हर्षवर्धन के लिए यहां का सफर आसान नहीं रहा है।

***डिलेवरी बॉय सहित कई जगह की नौकरी***: इसके लिए हर्षवर्धन ने अपने स्ट्रगलिंग दिनों में डिलेवरी बॉय के तौर पर भी नौकरी की है। इसका खुलासा भी खुद हर्षवर्धन ने जॉन अब्राहिम के साथ मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए किया था। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था, 'मेरे शुरुआती दिनों में मैंने कई तरह की नौकरियां की हैं। 2004 में मैंने एक एसटीडी बूथ में बतौर ओपरेटर की नौकरी की जहां मुझे दिनभर की कमाई में 10 रुपये मिला करते थे। इसके बाद मैंने साइबर कैफे में भी काम किया जहां मेरी तनख्वाह दिन की डबल यानी 20 रुपये हो गई थी।



***जॉन अब्राहम के घर गया था डिलेवरी देने*** : इसके बाद मैंने डिलेवरी बॉय का काम संभाला और मुझे जॉन अब्राहिम से मुलाकात का मौक भी मिला। मैं हैलमेट की डिलेवरी किया करता था और कंपनी ने जॉन अब्राहिम के यहां मुझे डिलेवरी के लिए भेजा था। जब मैं वहां पहुंचा तो जॉन अब्राहिम 10 मिनट बाद खुद मुझसे मिलने आए और मुझे शुक्रिया कहा। इतने बड़े स्टार की इस हम्बलनेस से मैं काफी प्रभावित हुआ था।'

## टीवी मसाला



# अंगूरी भाभी के दीवानों के लिए खुशखबरी...

**मुंबई।** सबसे लंबे समय तक चलने वाले टीवी कॉमेडी डेलीज में से एक 'भाबी जी घर पर हैं!' के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है। सालों से दर्शकों के प्यार से सराबोर रहे इस टीवी शो पर फीचर फिल्म बनने जा रही है। इस शो पर शशांक बाली द्वारा निर्देशित फिल्म इसी साल रिलीज होगी, जिसके लिए शूटिंग 15 मार्च से देहरादून (उत्तराखंड) में शुरू होगी। अभिनेता रोहिताश्व गौर (जो मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं) ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, "जी, वाकई ये सच है! हम बेहद उत्साहित हैं, अभिनेता होने के नाते हम सभी खुद को सिल्वर स्क्रीन पर वापस देखने का सपना देखते हैं और यह हो रहा है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव (जो अनीता मिश्रा का किरदार निभा रही हैं) कहती हैं, "यह हमारे प्रशंसकों के प्यार की वजह से है कि हम इतनी बड़ी छलांग का हिस्सा बन रहे हैं। मैं इस शो से बहुत बाद में जुड़ी, लेकिन आज यह मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, "शो का सार बना रहेगा और हम दर्शकों के लिए बहुत सारा धमाल करने का वादा करते हैं। स्टार कास्ट में रोहिताश्व और विदिशा, आसिफ शेख (जो विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी तिवारी) के अलावा अन्य किरदार शामिल होंगे जो शो की सफलता का हिस्सा रहे हैं।

# टीवी शो 'शिव शक्ति तप त्याग तांडव' में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी...

**घुमारवीं।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।



# एक्टर की परिभाषा बदल रही है

**मुंबई।** एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा कि एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया, बल्कि उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के ज़रिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, "एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है। समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। समरीन जल्द ही कुछ आपको कुछ बेहद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नज़र आएँगी। उन्होंने आगे कहा, "आजकल सिर्फ फिल्म डेब्यू काफी नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अलग-अलग माध्यमों के जरिए दर्शकों से जुड़ें। हालांकि, समरीन ने अपनी सोशल मीडिया प्रेजेंस के जरिए अपने दर्शक कमाए हैं। उनका मानना है कि आज के समय में अच्छे रोल्स पाने के लिए वर्चुअल विजिबिलिटी काफी अहम होती है।








लोक साहित्य

कमलेश यादव

## दक्षिण दिशा के लिए प्रयुक्त शब्द रक्सहूं



छत्तीसगढ़ में दक्षिण दिशा के लिए रक्सहूं शब्द का प्रचलन है। छत्तीसगढ़ी में राक्षस को रक्सा कहा जाता है। दक्षिण दिशा के लिए अन्य कोई शब्द नहीं है। दक्षिण दिशा के लिए रक्सहूं शब्द भगवान श्रीराम के समय से ही प्रचलित है ऐसा माना जाता है। उस समय छत्तीसगढ़ के दक्षिण भू भाग पर राक्षसों ने कब्जा कर रखा था। उनके आतंक की छाप लोक स्मृति में इतनी गहरी थी कि दक्षिण दिशा के लिए रक्सहूं शब्द रूढ़ हो गया। लोक स्मृतियों के पीछे इतिहास का कोई न कोई तथ्य, किसी न किसी अंश में छिपा रहता है। यह उसका उत्कृष्ट उदाहरण है। प. लोचन प्रसाद पाण्डेय ने लिखा है - पुरातत्व के साथ साहित्य तथा लोकवार्ता का भी उपयोग साहित्य लेखन में किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ के देवारों की लोक गाथाओं में रतनपुर नरेश कल्याण साय के मुगल दरबार में जाने का विवरण मिलता है। इस तथ्य का उल्लेख किसी ऐतिहासिक ग्रंथ में नहीं मिलता है, किन्तु बाद में तुजके जहांगीर में इस तथ्य की पुष्टि हुई तो देवारों की लोक गाथा में इस प्रमाण को स्वीकार किया गया।

ऐतिहासिक

डा. सुनीत रमेंद्र मिश्र

## बड़ काम अइस तिलक स्वराज कोश



तिलक स्वराज के नाम से रुपया पैसा जमा करे बर महात्मा गांधी जी रायपुर आए रिहिन। वइसे हमर रायपुर अऊ छत्तीसगढ़ में सबले पहिली गांधी जी ह 1920 के बछर दिसंबर महीना में अइस अउ कंडेल नहर के जउन आंदोलन होय रिहिस तेकर नाव ले सुंदर लाल शर्मा उनला ले बर कलकत्ता गे रिहिन अउ संग म लइन। उनकर आय के पहली अंग्रेज मन कंडेल सत्याग्रह ल बंद करे बर किसान मन उपर जेन पानी चोराय के आरोप लगाए रिहिन संगे संग डाड़ बोड़ी ले रिहिन ओला लहूटा दिन। तब ले गांधी जी 21 दिसम्बर के कंडेल आय रिहिस। गांधी जी के आय ले छत्तीसगढ़ के मनखे मन में आजादी के लड़ई में भाग ले के रद्दा मिलिस। आनंद समाज वाचनालय के बाजू में वोमन सभा करिन। जीहां अभरे मनखे मन तिलक स्वराज कोश के नाव ले रुपिया पइसा, सोना चांदी के पहिरे गहना ल उतार के गांधी जी ल दे दिन। ऐसने उत्साह देखे बर मिलिस।

सुरता

बन्धु राजेश्वर खरे

## साहित्यिक गतिविधियों में क्रियाशील थे विठ्ठल



छत्तीसगढ़ के साहित्य संसार में गोविन्द राव उपाध्याय जी को गोविन्द राव विठ्ठल नाम से जाना जाता था। विद्यालयीन शिक्षा के बाद आपकी नियुक्ति पटेवा शाला नवापारा राजिम में प्रधान अध्यापक के पद पर हुई थी। इसके बाद गरियाबंद जिले में अध्यापन कार्य करते यहीं के निवासी हो गए। गिरि कंदराओं से घिरा गरियाबंद आदिवासी अंचल में रह कर शिक्षा और साहित्य के लिए आपने अपने जीवन को समर्पित कर दिए।आप पंडित सुंदर लाल शर्मा जी के संपर्क और प्रेरणा से नागलीला ग्रन्थ की रचना की। 1924 से 32 के बीच आपकी दो कृतियां प्रकाशित हुई। आपकी तीन प्रकाशित कृतियां उपलब्ध हैं। कई नाटकों का लेखन और सफल मंचन भी आपके द्वारा हुए। आपके मार्गदर्शन में कई कुशल साहित्यकार अपनी लेखन से इस अंचल में अपनी पहचान बनाए। आपकी लेखनी का प्रभाव अंग्रेजों पर भी पड़ा। माधव राव सप्रे, लोचन प्रसाद पाण्डेय और मैथिलीशरण गुप्त जी से भी आपका आत्मिक संपर्क रहा। आपने कई बंगला भाषा के साहित्य का हिन्दी में अनुवाद भी किया। साहित्य सेवा में लीन रहते नवम्बर 1966 को आप बैकुंठवासी हो गए।

छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में माई भंगाराम के प्रभाव क्षेत्र को नौ परगना में बांटा गया है। प्रत्येक परगने का एक मांझी मुखिया होता है, यह मुखिया अपने क्षेत्र के जातरा हेतु चंदा वसूलता है, जातरा आदि धार्मिक कार्यों की सूचना देता है और बैठकों में भाग लेता है। देवी देवता संबंधी छुटपुट विवादों को परगना में ही निपटाया जाता है। मांझी या मुखिया वंश परम्परा के अनुसार नियुक्त किए जाते हैं।



# बस्तर अंचल में माई भंगाराम की पूजा अर्चना



धार्मिक : घनश्याम सिंह नाग

### 1. गढ़ सिलयारा

यह गढ़ सिलयारा केशकाल नगर पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्राम है। इस परगना के अंतर्गत ग्रामों की संख्या 480 है। यहां अनेक पुरावशेष हैं। केशकाल घाटी भी गढ़ सिलयारा राजस्व ग्राम के अंतर्गत आता है। अब इसे केशकाल परगना भी कहते हैं। इस परगना के मुखिया ग्राम गढ़ धनोरा में निवास करते हैं।

### 2. अड़ेंगा

यह एक ऐतिहासिक महत्व का ग्राम है जहां नलयुगीन स्वर्ण मुद्राएं मिली हैं। इस परगना में कुल 18 गांव हैं।

### 3. विश्रामपुरी

यह ग्राम विकास खंड बड़े राजपुर का मुख्यालय है। इस परगना में कुल 29 राजस्व ग्राम हैं।



### 4. कोपरा

विकास खंड बड़े राजपुर के अंतर्गत कोपरा परगना में 12 ग्राम आते हैं।

### 5. कोनगुड़

विकास खंड फ़रसगांव के अति दुर्गम क्षेत्र में यह परगना है जहां विकास खंड अंतागढ़ के कुछ ग्राम आते हैं। इस परगना में 50 गांव हैं, इसे झोड़ियान परगना के नाम से भी जाना जाता है।



### 6. आंवरी

केशकाल विकास खंड के अंतर्गत आंवरी परगना में 20 गांव आते हैं।

### 7. कोंगेरा

यह गांव वर्तमान कांकेर जिला अंतर्गत है जिसमें 18 गांव आते हैं, जो केशकाल घाटी के नीचे बसे हुए हैं।


### 8. सोनबाल

कोंडागांव विकास खंड के अंतर्गत सोनबाल परगना में 30 गांव आते हैं अधिक दूरी में निवास होने के कारण निकट के ग्राम पिपरा को परगना मान लिया गया है।

### 9. आलोर

विकास खंड फ़रसगांव का यह छोटा सा परगना है। इस परगना में मात्र 5 गांव आते हैं।

पर्यटन : डा. सुधीर पाठक



## प्राकृतिक रमणीय स्थलों में भेड़िया पत्थर जलप्रपात

छत्तीसगढ़ के सरगुजा अंचल में कुसमी चांदो मार्ग से 30 कि मी की दूरी पर ईदरी ग्राम से तीन कि मी दूर पश्चिम में भेड़िया पत्थर जलप्रपात है। यहां पर भेड़िया नाला का जल दो पर्वतों के बीच सघन वन के बीच प्रवाहित होता है। यही प्रवाह ग्राम ईदरी के पास हजारों फीट की ऊंचाई से नीचे गिरता है। यह पानी का नीचे गिरता दृश्य पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करता है। ऊपर की दोनों पर्वत श्रृंखलाएं संयुक्त हैं जिससे एक स्वाभाविक पुल का रूप बन जाता है।   इस स्थान पर एक प्राकृतिक गुफा भी है जहां पहले भेड़िया रहा करते थे। यही कारण है कि इस स्थान को भेड़िया पत्थर कहा जाता है।

जलप्रपात के दक्षिण दिशा में करीब तीन कि मी की दूरी पर मगाजी पर्वत की चोटी है। इस तरह का नैसर्गिक सौंदर्य बहुत कम देखने को मिलते हैं। इस चोटी पर वनवासियों का बघचंडी देव स्थापित हैं, जहां वनवासी वर्ष में एक बार चंडी देवता की पूजा अर्चना धूमधाम से करते हैं।

लोक संगीत

डा. अर्चना पाठक

## अंचल में पखावज और तबला वादन की शुरुआत

छत्तीसगढ़ अंचल में रायगढ़ दरबार में पखावज और तबला वादन की भी दीर्घ परम्परा रही है। राजा घनश्याम सिंह, राजा भूपदेव सिंह के पिता स्वयं एक अच्छे पखावजी थे। उनके पुत्र लाल नारायण सिंह और पील लाल सिंह को तबले की शिक्षा के लिए बनारस भेजा गया था। राजा भूपदेव सिंह के दरबार में ठाकुर लक्ष्मण सिंह जैसे श्रेष्ठ पखावजी थे। रायगढ़ दरबार में मृदंग और तबला के श्रेष्ठ वादकों का लगातार आवागमन एक सदी पूर्व से होता आ रहा है। यह कला प्रेम और आकर्षण निरन्तर बढ़ता गया और राजा साहब के शासन काल में उसका उत्कर्ष चरम पर था। राजा चक्रधर सिंह के दरबार में ठाकुर दास जी, शंभू महाराज, पंडित रामदास, बासुदेव पखावजी, कादिर बख्श खां, उस्ताद नत्थू खां, और बाबा मलंग खां आदि उस्ताद लंबे समय तक रहे। इन उस्तादों की शिष्यों की पहली टोली में धूरमिन दास, अनुज राम, सुखा राम और मुकुत राम को सर्वप्रथम तबले की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया।




गांव की कहानी

डा. पीसी लाल यादव

# कई महत्व को संजोया गांव बागुर



छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-गंडई -छुईखदान जिला अंतर्गत गंडई से 5 कि मी दूर पूर्व में बागुर गांव स्थित है। वर्तमान में यह समृद्ध गांव है। यहां ज्यादातर किसानों की आबादी है। यहां कई स्थानों पर पुरातात्विक महत्व के पाषाण शिल्प बिखरे पड़े हैं। इनमें सर्वाधिक महत्व का एक विशाल शिवलिंग है, जो शाला भवन निर्माण के दौरान नींव की खुदाई में मिला है। इसी स्थान पर सोमवंशीकालीन बड़े आकार की ईंटें भी मौजूद हैं। इससे यह आभास होता है कि यहां विशाल शिव मंदिर रहा होगा। इस स्थान के पूर्व में इमली पेड़ के नीचे प्रस्तर की कई खंडित मूर्तियां और ईंटें पड़ी हैं। प्राचीन मंदिर की दीवारें स्पष्ट दिखाई पड़ती हैं। यहीं मंदिर की द्वार शाखा की पुष्प वल्लरि से युक्त शिलाएं भी मौजूद हैं, जो यहां प्राचीन काल में मंदिर होने की संभावना को बल देती है। इसी तरह यहीं पर दो योद्धाओं की प्रस्तर प्रतिमाएं हैं। इस गांव से सुरही नदी के किनारे एक टीला है जहां पर भी पुरातात्विक महत्व की मूर्तियां हैं, जिनमें काले पत्थर पर उत्कीर्ण गणेश की प्रतिमा प्रमुख हैं।



## खबर संक्षेप

### जनवरी में निर्यात 2.38% घटकर 36.43 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** देश के निर्यात में लगातार तीसरे महीने गिरावट आई और यह जनवरी महीने में 2.38 प्रतिशत घटकर 36.43 अरब डॉलर रहा। मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितताओं की वजह से निर्यात घटा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सालाना आधार पर आयात 10.28 प्रतिशत बढ़कर 59.42 अरब डॉलर रहा। इससे व्यापार घाटा बढ़कर 22.99 अरब डॉलर हो गया।

### कर्नाटक बैंक ने संदिग्ध यूपीआई लेनदेन लौटाया

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए 18.87 करोड़ रुपये के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के संदिग्ध सीमापार लेनदेन को वापस कर दिया है। यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि इन लेनदेन को संसाधित नहीं किया जा सका। यह बात बैंक द्वारा भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के साथ किए खामियों को दुरुस्त करने के अभ्यास के दौरान सामने आई।

### सोने का आयात जनवरी में बढ़कर 2.68 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** देश में सोने का आयात जनवरी में 40.79 प्रतिशत बढ़कर 2.68 अरब डॉलर रहा है। मुख्य रूप से घरेलू मांग बढ़ने से सोने का आयात बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले जनवरी, 2024 में सोने का आयात 1.9 अरब डॉलर था। संचयी रूप से चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान सोने का आयात 32 प्रतिशत बढ़कर 50 अरब डॉलर रहा जो बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि में 37.85 अरब डॉलर था।

### रुपया आठ पैसे टूटकर 86.96 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 86.96 पर बंद हुआ। घरेलू मुद्रा में गिरावट विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में तेजी के कारण आई।

### एफआईआई की बिकवाली से शेयर बाजार फिर फिसला

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और कंपनियों की आय में नरमी से स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 29 अंक के नुकसान में रहा, जबकि निफ्टी में 14.20 की गिरावट आई। स्टॉक्स बॉक्स के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक अमेया रणदिवे ने मंगलवार को कहा, ''सेंसेक्स और निफ्टी-50 हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। इसका कारण कंपनियों की आय में नरमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली है।

## भारत मजबूत व्यापार समझौते पर बातचीत करेगा

# भारत, अमेरिका से आठ माह में व्यापार को 500 अरब डॉलर करने को प्रतिबद्धः गोयल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने तथा अगले छह से आठ माह में एक 'मजबूत' व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय वाणिज्य को दोगुने से अधिक करते हुए 500 अरब डॉलर करने तथा 2025 तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त पर बातचीत करने की घोषणा की।

गोयल ने कहा कि एक बार उनके अमेरिकी समकक्ष के कार्यभार संभालने के बाद दोनों देश समझौते की रूपरेखा पर चर्चा करेंगे। गोयल ने यहां उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की भारत-कतर व्यापार मंच बैठक के मौके पर संवाददाताओं से कहा, "...अगले छह से आठ महीनों में एक मजबूत व्यापार समझौता स्थापित करके हम व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

**खास बातें**

- पीएम मोदी की हालिया अमेरिकी यात्रा का मिलेगा फायदा
- 2030 तक द्विपक्षीय वाणिज्य को दोगुना करने की घोषणा
- दोनों देशों के कारोबारी इस समझौते को लेकर उत्साहित



### अमेरिका में अभी समकक्ष से पुष्टि नहीं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के कारोबारी इस समझौते को लेकर उत्साहित हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या समझौते में वस्तुओं, सेवाओं और निवेश से संबंधित अध्याय होंगे, तो उन्होंने कहा, "अमेरिका में मेरे समकक्ष ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है... (पुष्टि) के बाद, हम बातचीत करेंगे और उसके बाद ही हम आगे का रास्ता तय कर सकते हैं।"

### एफटीए में मानदंडों को आसान बनाते हैं

आम तौर पर मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को या तो समाप्त कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को आसान बनाते हैं।

### 2023 में भारत का माल निर्यात 83.77 अरब डॉलर था

उस वर्ष, अमेरिका को भारत का माल निर्यात 83.77 अरब डॉलर था, जबकि आयात 40.12 अरब डॉलर था, जिससे भारत के पक्ष में 43.65 अरब डॉलर का व्यापार घाटा रह गया।साल 2023 में अमेरिका को देश का सेवा निर्यात 36.33 अरब डॉलर था, जबकि आयात कुल 29.86 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) भारत के पक्ष में 6.47 अरब डॉलर था।

### अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

वित्त वर्ष 2021-24 के दौरान, अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। अमेरिका उन कुछ देशों में से एक है जिनके साथ भारत का व्यापार अधिशेष है। वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका 119.71 अरब डॉलर के माल के द्विपक्षीय व्यापार (77.51 अरब डॉलर का निर्यात, 42.19 अरब डॉलर का आयात और 35.31 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष) के साथ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था।

# देश की 28 लाख में से 18 लाख कंपनियां ही सक्रिय

## कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




देश में पंजीकृत 28 लाख से अधिक कंपनियों में से केवल 65 प्रतिशत यानी 18 लाख से कुछ अधिक कंपनियां सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत कंपनियों में से केवल 5,216 विदेशी कंपनियां हैं और जनवरी अंत तक उनमें से 63 प्रतिशत यानी 3,281 इकाइयां सक्रिय थीं। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि पिछले महीने कुल 816.14 करोड़ रुपये की चुकता पूंजी के साथ 16,781 कंपनियां पंजीकृत हुईं। मंत्रालय ने अपने मासिक सूचना बुलेटिन में कहा, 31 जनवरी, 2025 तक देश में कुल 28,05,354 कंपनियां पंजीकृत थीं। इनमें से 65 प्रतिशत (18,17,222) कंपनियां सक्रिय हैं। दिसंबर, 2024 की तुलना में पंजीकृत कंपनियों के मुकाबले सक्रिय कंपनियों के कुल अनुपात में 0.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।''रिपोर्ट के अनुसार, 9,49,934 कंपनियां बंद हो चुकी हैं। क्षेत्रों के संदर्भ में, सबसे ज्यादा 27 प्रतिशत कंपनियां व्यावसायिक सेवाओं में थी। इसके बाद विनिर्माण (20 प्रतिशत), व्यापार और समुदाय, व्यक्तिगत और सामाजिक सेवाओं (13 प्रतिशत) का स्थान था। सबसे अधिक परिचालन वाली कंपनियां महाराष्ट्र में थीं।

- केवल 65 प्रतिशत कंपनियां ही सक्रिय रूप से काम कर रही


### महाराष्ट्र, उप्र व दिल्ली में कंपनियों की संख्या बढ़ी

रिपोर्ट कहती है, ''दिसंबर, 2024 की तुलना में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में परिचालन वाली कंपनियों की संख्या में वृद्धि देखी गई है।'' मंत्रालय ने कहा, ''केंद्र शासित प्रदेशों में, जम्मू- कश्मीर में दिसंबर, 2024 की तुलना में 112 कंपनियों की वृद्धि हुई है।''

# टेस्ला ने भारत में शुरू की भर्ती, ईवी बाजार में प्रवेश के संकेत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला ने भारत में विभिन्न पदों के लिए भर्तियां शुरू की हैं। इनमें व्यवसाय संचालन विश्लेषक और ग्राहक सहायता विशेषज्ञ शामिल हैं, जो कंपनी के देश में प्रवेश के लिए एक अग्रदूत हो सकता है। कंपनी की वेबसाइट पर भर्ती वाली नौकरी की अधिसूचना के अनुसार, ये पद 'मुंबई उपनगरीय' क्षेत्र के लिए हैं। इन भूमिकाओं में सेवा सलाहकार, 'पार्ट्स' सलाहकार, सेवा तकनीशियन, सेवा प्रबंधक, बिक्री एवं




ग्राहक सहायता, स्टोर प्रबंधक, बिक्री एवं ग्राहक सहायता शामिल है। कंपनी को ई-मेल कर पूछा गया कि ये भर्तियां कंपनी की भारतीय बाजार में प्रवेश की योजना का हिस्सा हैं तथा भारत में बिक्री शुरू करने की संभावित समयसीमा क्या है। हालांकि, फिलहाल इस प्रश्न का उत्तर नहीं मिला। टेस्ला द्वारा भारत में नियुक्तियां कंपनी के संस्थापक और अमेरिका के अरबपति एलन मस्क की भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हाल ही में हुई बैठक के बाद हुई हैं। भारतीय बाजार में टेस्ला के संभावित प्रवेश का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। पिछले अप्रैल में, एलन मस्क ने 'बहुत भारी टेस्ला दायित्वों' का हवाला देते हुए आखिरी समय में भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। हालांकि, प्रस्तावित यात्रा से उम्मीदें बढ़ गई थीं कि मस्क जल्द से जल्द भारत में टेस्ला इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री के लिए आगे की योजना की घोषणा करेंगे।

### भारत ने हाल ही में आयात शुल्क में दी रियायत

उनकी भारत यात्रा की योजना ऐसे समय में बनी है जब कुछ सप्ताह पहले ही सरकार ने नई इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति की घोषणा की है जिसके तहत 50 करोड़ डॉलर के न्यूनतम निवेश के साथ देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को आयात शुल्क में रियायत दी जाएगी। इस कदम का उद्देश्य टेस्ला जैसी प्रमुख वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना है।

### देश में पहली 11 एयरबैग्स वाली कार लांच, शुरुआती कीमत 49 लाख से शुरू

**नई दिल्ली।** बीवाईडी सीलियन 7 एसयूवी भारत में चीनी वाहन निर्माता की लेटेस्ट इलेक्ट्रिक पेशकश है। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को दो वेरिएंट्स-प्रीमियम और परफॉर्मेंस-में पेश किया जा रहा है, जिनकी कीमत क्रमशः 48.90 लाख रुपए और 54.90 लाख रुपए है। ये सभी कीमतें एक्स-शोरूम हैं। देशभर में ईवी की डिलीवरी 7 मार्च 2025 से शुरू होगी। लांच इवेंट में, कार निर्माता ने खुलासा किया कि उसे अब तक सीलियन 7 के लिए 1,000 से अधिक बुकिंग मिल चुकी हैं। ऑफिशियल बुकिंग जनवरी में 2025 भारत मोबिलिटी शो में इस कार के डेब्यू के साथ शुरू हुई, जिसकी बुकिंग राशि 70,000 रुपए थी।

**Raipur District Urban Public Service Sociaty**

**e-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (First Call)**

**NIT NO:2019 /RDUPSS/CITYBUS/2025** **RAIPUR DATED: 17.02.2025**

Online bids are invited for the following works of works up to **12.03.2025 at 17:30 hours**.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract | Class of Contractor registered in P.W.D. C.G. | Tender form | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165035 | Construction of Proposed E- Bus Depot/Terminal Complex at Jarway | 1085.70 Lacs | "A" | Form "A&B" | PWD Building S.O.R. 01.01.2015 (upto date Amendment & NON SOR |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from **18.02.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.,
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18002582502** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**SECRETARY**
**Raipur District Urban Public Service Sociaty**

## सेबी ने म्यूचुअल फंड के नियमों में किया संशोधन

# नए कोष का निर्धारित समयसीमा में उपयोग करे एमएफ : सेबी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों को नए कोष की पेशकश (एनएफओ) के माध्यम से निवेशकों से प्राप्त राशि का एक निर्धारित समयसीमा में इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है। इसके अतिरिक्त, नियामक ने निवेशकों को और अधिक पारदर्शिता प्रदान करने के लिए म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए दबाव परीक्षण का खुलासा अनिवार्य कर दिया है। ये संशोधन एक अप्रैल, 2025 से लागू होंगे। इन उपायों का उद्देश्य निवेशकों के बीच अधिक जवाबदेही और भरोसा सुनिश्चित करते हुए म्यूचुअल फंड परिचालन को मजबूत बनाना है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने राशि के उपयोग की समयसीमा के बारे में 14 फरवरी को एक अधिसूचना में कहा, ''एनएफओ में प्राप्त राशि का उपयोग निर्धारित समयसीमा में किया जाएगा। इस बारे में बोर्ड समय-समय पर निर्देश जारी कर सकता है।'' यह संशोधन दिसंबर में सेबी निदेशक मंडल द्वारा एक प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद आया है। इसमें कोष प्रबंधकों को एनएफओ के जरिये एकत्र राशि को योजना के तहत निर्धारित परिसंपत्ति आवंटन के अनुसार, उपयोग करने को कहा गया है।

### निवेशकों के पास निकलने का विकल्प

नियामक ने कहा था कि यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर राशि का उपयोग नहीं किया जाता है, तो निवेशकों के पास बिना कोई निकासी शुल्क दिये योजना से बाहर निकलने का विकल्प होगा। यह रूपरेखा परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों को एनएफओ के दौरान अतिरिक्त राशि एकत्र करने से हतोत्साहित करती है।

### ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर घटाई

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने देश में मुद्रास्फीति कम होने के बीच मंगलवार को अक्टूबर, 2020 के बाद पहली बार अपनी प्रमुख ब्याज दर में कमी की। रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष की अपनी पहली बोर्ड बैठक में नकद दर को एक चौथाई प्रतिशत अंक घटाकर 4.35 प्रतिशत से 4.1 प्रतिशत कर दिया।




शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10

दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# आईपीओ लाने की तैयारी में जुटी एनएसई का मूल्यांकन 200% बढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही एनएसई का मूल्यांकन 2024 में 201 प्रतिशत बढ़कर 4.7 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। भारत के सबसे बड़े शेयर बाजार एनएसई ने बाजार नियामक सेबी से आईपीओ की मंजूरी पाने के लिए आवेदन किया है। बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया की 500 सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों की सूची के अनुसार, एनएसई देश की 10वीं सबसे मूल्यवान निजी कंपनी है।

## बिजनेस साइट

# अदाणी फाउंडेशन ने पूरे भारत में शिक्षा के मंदिर खोलने का लिया संकल्प



**अहमदाबाद।** अदाणी फाउंडेशन ने भारत में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत, फाउंडेशन ने जेम्स एजुकेशन के साथ साझेदारी की है, जो निजी के-12 शिक्षा में वैश्विक अग्रणी मानी जाती है। इस साझेदारी के माध्यम से अदाणी परिवार ने 2,000 करोड़ रुपये का प्रारंभिक दान दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ और किफायती बनाना है। अदानी फाउंडेशन, जो अदाणी समूह की सीएसआर शाखा है, इसके माध्यम से भारत में शिक्षा के मंदिर स्थापित किए जाएंगे, जहां शिक्षा को नवाचार, क्षमता विकास और सामाजिक दायित्व के सिद्धांतों पर आधारित किया जाएगा। इसके तहत पहला 'अदाणी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' 2025-26 में लखनऊ में खोला जाएगा। इसके बाद अगले तीन वर्षों में भारत के प्रमुख महानगरीय शहरों में 20 से अधिक ऐसे स्कूल खोले जाएंगे। इन स्कूलों में वंचित बच्चों के लिए सीबीएसई पाठ्यक्रम में 30% सीटें निशुल्क होंगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.डी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच दोपहर 2:30 बजे से

# पूर्व चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत से आज होगा चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से आज बुधवार 19 फरवरी को होगा। हाल ही में सम्पन्न हुई त्रिकोणीय वनडे सीरीज के फाइनल में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया था। ऐसे में कीवी टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी।

दूसरी तरफ पाकिस्तानी टीम अपने घर पर इस आईसीसी टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला यह मैच 19 फरवरी को कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान ने जीते हैं ज्यादा वनडे मैच

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पहला वनडे 1973 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच 118 वनडे मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से कीवी टीम ने 53 मैच जीते हैं और उसे 61 मैच में हार मिली है। 1 मैच टाई रहा है और 3 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।पाकिस्तान ने अपने घर पर खेलते हुए न्यूजीलैंड को 22 मैच में हराया है और सिर्फ 8 मुकाबलों में कीवी टीम को जीत मिली है।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

विलियमसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने 6 मैचों में 69.00 की औसत से 345 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 24 पारियों में 56.08 की औसत से 1,290 रन बनाए हैं। फखर ने चैंपियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 63.00 की औसत से 252 रन बनाए हैं। शाहीन ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 11 वनडे में 22.87 की औसत से 24 विकेट लिए हैं।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है पाकिस्तानी टीम

पाकिस्तान की टीम त्रिकोणीय वनडे सीरीज में फखर जमान और बाबर आजम की सलामी जोड़ी के साथ उतरी थी और सम्भवतः यही जोड़ी पारी की शुरुआत करेगी।दूसरी तरफ मेजबान टीम अबरार अहमद के रूप में इकलौते विशेषज्ञ स्पिनर के साथ मैदान पर उतर सकती है।

**संभावित एकादशः** फखर जमान, बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर/कप्तान), सलमान आगा, तैयब ताहिर, खुशदिल शाह, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह और अबरार अहमद।

### न्यूजीलैंड की टीम

न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। अच्छी फॉर्म में चल रहे कॉनवे न्यूजीलैंड से पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

**संभावित एकादशः** रचिन रविंद्र , डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सेंटनर (कप्तान), नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और विलियम ओरूके।

# मुंबई ने गुजरात जायंट्स को हराकर दर्ज की अपनी पहली जीत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा



विमेंस प्रीमियर लीग 2025 के 5वें मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। वडोदरा में हुए मैच में गुजरात जायंट्स ने पहले खेलते हुए अपने सभी विकेट खोकर 120 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस ने नैट साइवर-ब्रंट की अर्धशतकीय पारी (57) की मदद से 17वें ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। मुंबई ने पांच विकेट से जीत हासिल की।

### इस तरह से रोचक रहा मुकाबला

टॉस हारकर पहले खेलते हुए जीजी ने 28 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच हरलीन देओल ने 32 रन बनाए। वहीं युवा काश्वी गौतम ने 20 रन का योगदान दिया और जीजी ने 100 रन का आंकड़ा पार किया। जवाब में मुंबई इंडियंस ने यास्तिका भाटिया (8), हरमनप्रीत कौर (4) और हैली मैथ्यूज (17) जल्दी आउट हुई। इसके बाद ब्रंट ने उम्दा पारी खेलकर जीत सुनिश्चित की।

### हैली मैथ्यूज ने लिए 3 विकेट


हैली मैथ्यूज ने गुजरात जायंट्स की ओर से नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए आई दयालन हेमलता (9) के रूप में अपनी पहली सफलता हासिल की। इसके बाद उन्होंने अपनी फिरकी के जाल में अच्छी बल्लेबाजी कर रही काश्वी गौतम को फंसाया। युवा काश्वी 15 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद मैथ्यूज ने शिमरन शेख (3) का विकेट चटकाया। उन्होंने अपने 4 ओवर में 4.00 की इकॉनमी रेट से 16 रन दिए।

### नैट साइवर-ब्रंट ने खेली उम्दा पारी

मुंबई इंडियंस ने जब 22 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब ब्रंट क्रीज पर आईं। उन्होंने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 33 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने चौथे विकेट के लिए अमेलिया केर के साथ मिलकर 45 रन भी जोड़े। यह मौजूदा सीजन में ब्रंट की लगातार दूसरी अर्धशतकीय पारी रही। उन्होंने पिछले मैच में नाबाद 80 रन बनाए थे। उन्होंने 39 गेंदों पर 57 रन की पारी खेली।

टेनिस

# अजारेंका दुबई ओपन के दूसरे दौर में, अनिसिमोवा हारी



एजेंसी ▶▶| दुबई

दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका ने एक सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अन्हेलिना कालिनिना को 2-6, 7-6, 6-4 से हराकरदुबई टेनिस चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पैंतीस वर्ष की अजारेंका दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने अगले पांच अंक लगातार लेकर दूसरा सेट जीता। अब वह दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक से खेलेंगी जिन्हें दूसरे दौर में

### इन खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

वहीं दो दिन पहले दोहा में कतर ओपन खिताब जीतने वाली अमांडा अनिसिमोवा पहले दौर में अमेरिका की ही मैकार्टनी केसलेर से 2-6, 3-6 से हार गई। 11वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडेर ने मैगडालीना फ्रेच को 6-2, 6-2 से हराया। 12वीं रैंकिंग वाली मीरा आंद्रीवा ने एलिना एवानेसियान को 6-2, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना 2023 विम्बलडन चैम्पियन मार्केटा वोंड्रोउसोवा से होगा। दसवीं रैंकिंग वाली डारिया कासात्किना को सोराना क्रिस्टी ने 6-1, 6-4 से हराया। 13वीं रैंकिंग वाली बीट्रिज हदाद माइया को अनास्तासिया पोटापोवा ने 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। पूर्व विम्लबडन चैम्पियन ओंस जबाउर को अमेरिका की

### सिलिच को हराकर अल्काराज कतर ओपन के अंतिम 16 में



**दोहा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशिया के अनुभवी मारिन सिलिच को 6-4, 6-4 से हराकर कतर ओपन टेनिस के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। अमेरिकी ओपन 2014 चैम्पियन 36 वर्ष के सिलिच घुटने की चोट से उबरने के बाद इस सत्र का पहला मैच खेल रहे थे। विश्व रैंकिंग में भी वह 192वें स्थान पर खिसक गए हैं। अब अल्काराज का सामना चीन के झांग झिजेन या इटली के लूका नार्डी से होगा। इससे पहले सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को जिरि लेहेका ने 6-4, 6-4 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-2, 7-6 से मात दी और अब वह आस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल से खेलेंगे।

### भारत को बुमराह की कमी बहुत खलेगी : धवन

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि भारत को चैंपियन्स ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी लेकिन टीम के हालिया फॉर्म और कई मैच विजेता खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके पास टूर्नामेंट जीतने का शानदार मौका है। धवन ने आईसीसी के कॉलम में लिखा, "मेरी चिंता यह है कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। मेरे हिसाब से वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है।

# चैंपियंस ट्रॉफी में साथ ले जा सकते हैं परिवार, मगर कुछ शर्तों के साथ!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ रहने की छूट दे दी है, लेकिन यह इजाजत कुछ शर्तों के साथ है। अब खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार के सदस्य को दुबई बुला सकते हैं। यह बदलाव पिछले महीने की सख्त पाबंदियों के बाद किया गया है। हालांकि, यह अनुमति कुछ खास शर्तों के साथ दी गई है, ताकि खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिल सके, लेकिन उनके पेशेवर दायित्वों में कोई खलल न हो। इस फैसले से खिलाड़ियों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन बीसीसीआई ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्रतियोगिता के दौरान उनका ध्यान पूरी तरह से खेल पर केंद्रित रहे। बीसीसीआई ने पहले ऐलान किया था कि परिवार के सदस्य पूरे दौरे के दौरान खिलाड़ियों के साथ नहीं रह सकते। केवल 45 दिनों से लंबी सीरीज के दौरान परिवार के किसी एक सदस्य को दो सप्ताह तक खिलाड़ियों के पास रहने की अनुमति दी जा सकती थी। अब बीसीसीआई ने फैसला किया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खिलाड़ियों को एक मैच के लिए अपने परिवार के किसी सदस्य को दुबई बुलाने की अनुमति होगी।



# कुंभ के बाद कहां चली जाती हैं महिला नागा साधु, जानिए इनके जीवन से जुड़ी रहस्यमयी बातें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रयागराज में गंगा, युमना और सरस्वती नदी के संगम तट पर दुनिया का सबसे बड़े धार्मिक मेला महाकुंभ में अभी तक 55करोड़ से ज्यादा पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। 13 जनवरी 2025 से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान करने के लिए साधु-संतों के अलावा दुनियाभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महाकुंभ में नागा साधु सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र हैं। सनातन धर्म में नागा साधुओं को धर्म का रक्षक माना जाता है। नागा साधुओं को 12 वर्षों की कठोर तपस्या करनी पड़ती है। नागा साधु भगवान शिव के वैरागी स्वरूप की पूजा करते हैं। महाकुंभ में देशभर से नागा साधु पहुचे हैं, जो लोगों के लिए सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र हैं। नागा साधु, बिना कपड़े के, शरीर पर भस्म और लंबी जटाओं की वजह से भीड़ में सबसे अलग नजर आते हैं। नागा साधुओं के बारे में कम जानकारी होने की वजह से इनके विषय में जानने की लोगों में अधिक उत्सुकता होती है।



### अखाड़े बनाते हैं नागा साधु

महिला नागा साधु बनने के बाद सभी साधु-साध्वियां उन्हें माता कहकर पुकारती हैं। माई बाड़ा में महिला नागा साधु होती हैं, जिसे अब विस्तृत रूप देने के बाद दशनाम संन्यासिनी अखाड़ा का नाम दिया गया है। साधु-संतों में नागा एक पदवी होती है। साधुओं में वैष्णव, शैव और उदासीन संप्रदाय हैं। इन तीनों संप्रदायों के अखाड़े नागा साधु बनाते हैं।



### अपने-अपने अखाड़ों में वापसी

महाकुंभ में वसंत पंचमी के अमृत स्नान के बाद नागा साधु लौट गए हैं। अब लोगों के मन में सवाल है कि आखिर कुंभ के बाद महिला नागा साधु कहां जाती हैं? बता दें कि कुंभ के बाद महिला नागा साधु अपने-अपने अखाड़ों में वापस चली जाती हैं। वहां पर रहकर महिला नागा साधु तप-साधना और ध्यान करती हैं। इसके साथ ही वे धार्मिक शिक्षा भी देती हैं। कई बार वे सुदूर जंगलों-गुफाओं में एकांत में रहकर साधना करती हैं। कुंभ में भी महिला नागा साधुओं की विशेष व्यवस्था होती है। वे भी अमृत स्नान शामिल होती हैं।



# 10 साल पहले हुए बार कौंसिल में संशोधन की जानकारी किसी को नहीं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल का बीते छह साल से चुनाव नहीं हो पाया है। निर्वाचित पदाधिकारियों के ना होने से अधिवक्ताओं के वेलफेयर से लेकर जरुरी काम अटका पड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने इसे स्वतः संज्ञान में लेकर पीआईएल के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है।

मंगलवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट ने बार कौंसिल आफ इंडिया के सेक्रेटरी को नोटिस जारी किया है। दरअसल स्टेट बार कौंसिल की तरफ से पेश चुनाव कार्यक्रम पर बार कौंसिल आफ इंडिया ने आपत्ति की और कहा कि स्टेट बार कौंसिल द्वारा जारी इस चुनाव कार्यक्रम पर बार कौंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) के वकील ने कहा कि नए नियमों तहत संशोधन किया गया है इसमें 120 दिन के बजाय 150 दिन पहले अधिसूचना जारी होनी चाहिए।

- हाईकोर्ट ने बीसीआई सेक्रेटरी से मांगा जवाब
- छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल का बीते छह साल से चुनाव नहीं हो पाया

यह संशोधन 2015 में हो चुका है। इस पर स्टेट बार कौंसिल की ओर से कहा गया कि संशोधन की जानकारी नहीं है क्योंकि बीसीआई ने इसे नियमावली में प्रकाशित नहीं कराया। कोर्ट ने 10 साल पहले हुए संशोधन की जानकारी नियमावली में शामिल नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए बीसीआई को नोटिस जारी कर जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 3 मार्च को होगी।

### 35 हजार वकीलों को मिलेगा वोट डालने का मौका

मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एक महीने के भीतर चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी करने कहा है। इसके साथ ही डिवीजन बेंच ने स्टेट बार कौंसिल से चुनावी प्रक्रिया को लेकर शपथ पत्र पर जानकारी मांगी है। कोर्ट ने पूछा कि इसके पहले कौंसिल का चुनाव कब हुआ था तब अधिवक्ताओं ने बताया कि पांच साल पहले हुआ था। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि स्टेट बार कौंसिल के सचिव चुनाव प्रक्रिया पूरी कराते हैं। ज्ञात हो कि चुनाव होता है तो इसमें पंजीकृत प्रदेश के 35 हजार अधिवक्ताओं को मतदान का अवसर मिलेगा। हाईकोर्ट ने स्टेट बार कौंसिल को भी चुनावी तैयारी के संबंध में शपथ पत्र के साथ जानकारी देने का निर्देश दिया है।

### स्टेट बार ने पेश की चुनाव प्रक्रिया

मामले में सुनवाई के दौरान स्टेट बार कौंसिल की ओर से चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि 10 मार्च 2025 तक मतदाता सूची तैयार कर ली जाएगी। 10 अप्रैल को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन होगा तो 26 अप्रैल तक इसमें आपत्ति की जा सकेगी। 8 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। 15 मई को नोटिफिकेशन जारी होगा। नामांकन फार्म प्राप्त करने और जमा करने की तारीख 22 मई से 28 मई तक होगी। नामांकन आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी 30 मई से 2 जून 2025 तक होगी। नाम वापसी 3 जून से 7 जून तक होगा। उम्मीदवारों को फाइनल सूची 8 जून को वर्गवार जारी होगी। 18 जुलाई को मतदान तो इसके बाद 7 अगस्त को मतगणना और परिणाम जारी किए जाएंगे।

**खून का राज**

# कैसे आया ब्लड ग्रुप, कैसे होता है इसका निर्धारण?

1901 तक माना जाता था सभी का खून होता है समान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शरीर को ठीक तरीके से काम करते रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त की आवश्यकता होती है। जिन लोगों में खून की कमी होती है उन्हें अक्सर थकान, कमजोरी, चक्कर आने सहित कई अन्य प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के भी बने रहने का खतरा होता है। हम सभी के शरीर में अलग-अलग ब्लड ग्रुप वाला खून होता है। इतना ही नहीं सगे भाई-बहनों का ब्लड ग्रुप भी अलग हो सकता है। कभी आपने सोचा, ये ब्लड ग्रुप आखिर होता क्या है? और किन पैमानों पर इसका निर्धारण किया जाता है कि आपका ग्रुप कौन सा है?

इस बारे में समझने से पहले हमें ये जानना जरूरी है कि रक्त कितने प्रकार के होते हैं? स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं- ब्लड ग्रुप आठ अलग-अलग प्रकार के होते हैं। आपका ब्लड ग्रुप कौन सा होगा ये आपके माता-पिता से विरासत में मिले जीन पर निर्भर करता है। अधिकांश लोगों के शरीर में लगभग 4-6 लीटर रक्त होता है और ये रक्त विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। है न मजेदार? जो खून देखने में आपको सिर्फ लाल रंग का नजर आता है, असल में उसके भीतर कई सारे 'राज' छिपे होते हैं।




### ब्लड ग्रुप का निर्धारण

जो चीज आपके रक्त को किसी और के रक्त से अलग बनाती है, वह है प्रोटीन अणुओं का अनूठा संयोजन- जिन्हें एंटीजन और एंटीबॉडी कहा जाता है। एंटीजन लाल रक्त कोशिकाओं की सतह पर होते हैं जबकि एंटीबॉडीज आपके प्लाज्मा में मौजूद होती हैं। इन्हीं एंटीजन और एंटीबॉडी के आधार पर ही निर्धारित होता है कि आपका ब्लड ग्रुप कौन सा है? चार प्रमुख रक्त समूह हैं- ब्लड ग्रुप ए, बी, एबी और ओ। इनमें एंटीजन और एंटीबॉडी की जांच की जाती है।

- **ब्लड ग्रुप ए में ए एंटीजन और बी एंटीबॉडी।**
- **ब्लड ग्रुप बी में बी एंटीजन और ए एंटीबॉडी है।**
- **ब्लड ग्रुप एबी में ए और बी एंटीजन हैं लेकिन न तो ए और न ही बी एंटीबॉडी हैं।**
- **वहीं ब्लड ग्रुप ओ में ए या बी एंटीजन तो नहीं होते हैं लेकिन दोनों एंटीबॉडी होते हैं।**

### क्यों है इन ब्लड ग्रुप्स की जरूरत?

मामला है साल 1901 का जब पहली बार कार्ल लैंडस्टीनर नामक ऑस्ट्रियाई वैज्ञानिक ने ब्लड ग्रुप्स की खोज की थी। इससे पहले, डॉक्टर्स को भी लगता था कि सभी रक्त एक समान होते हैं, हालांकि इस दौरान अगर किसी की ब्लड डोनेट किया जाता था तो ज्यादातर रिसीवर्स की मौत हो जाती। कार्ल लैंडस्टीनर ने फिर पता लगाया कि खून भले ही दिखने में एक जैसे होते हैं पर इनमें बहुत अंतर है। अगर ए ब्लड ग्रुप वाले को बी ब्लड ग्रुप का रक्त चढ़ा दिया जाए तो इससे फायदे की जगह कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ट्रांसफ़्यूजन प्राप्त करने वाले व्यक्ति में एंटीबॉडी होते हैं जो ब्लड डोनेट रक्त की कोशिकाओं से मुकाबले में लग जाते हैं और इससे विषाक्त होने का जोखिम रहता है।

### ब्लड ग्रुप्स और उनके कार्य

हमारे खून में कई तरह के सेल्स होते हैं और इनके कार्य भी काफी महत्वपूर्ण हैं। जैसे रेड ब्लड सेल्स शरीर के विभिन्न ऊतकों तक ऑक्सीजन पहुंचाती हैं, व्हाइट ब्लड सेल्स संक्रमण की स्थिति में रोगजनकों को नष्ट करती हैं। रक्त में मौजूद प्लेटलेट्स आपके खून को जमने में मदद करते हैं वहीं प्लाज्मा प्रोटीन से बना एक तरल पदार्थ है।

### ओ ब्लड ग्रुप यूनिवर्सल डोनर

यही कारण है कि जब किसी को खून की जरूरत होती है तो उसके ब्लड ग्रुप के अनुसार ही डोनर्स ढूंढा जाता है। हालांकि इसमें भी एक सहूलियत जरूर है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जिन लोगों का ब्लड ग्रुप टाइप ओ निगेटिव है, वह आपात स्थिति में या सटीक ब्लड ग्रुप न मिलने की स्थिति में किसी को भी ब्लड डोनेट करके उसकी जान जान बचा सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि टाइप ओ निगेटिव रक्त कोशिकाओं में ए, बी या आरएच एंटीजन के प्रति एंटीबॉडी होती ही नहीं है। यही कारण है कि टाइप ओ-निगेटिव वालों को यूनिवर्सल डोनर भी कहा जाता है। तो अब समझ गए न क्या है 'खून का राज'?

# जेल में बंद उद्योगपति श्रवण गोयल ने हाईकोर्ट से मांगी जमानत

**बिलासपुर (हरिभूमि न्यूज)।** सीजीपीएससी 2021 में भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा के आरोप में सीबीआई ने उद्योगपति श्रवण गोयल को मामले में संलिप्तता का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया है। उद्योगपति गोयल जेल में बंद है। गोयल ने स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत की मांग की है। इस पर कोर्ट ने सीबीआई से दो सप्ताह में जवाब मांगा है।

जेल में बंद श्रवण गोयल ने अपने अधिवक्ता अंकित सिंघल के जरिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जमानत की मांग की है। उद्योगपति गोयल की जमानत याचिका पर जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। सीबीआई की ओर से सीनियर एडवोकेट बी. गोपाकुमार कोर्ट में पेश हुए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता की तबियत ठीक नहीं है। सीबीआई ने मामले में जवाब पेश करने के लिए समय की मांग की। कोर्ट ने जवाब पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है।



- सीजीपीएससी 2021 में भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा

### क्या है मामला

दायर याचिका में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के नेताओं व अफसरों के बेटे, बेटियों व रिश्तेदारों को गलत तरीके से सलेक्ट करने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने व सूची को निरस्त करने की मांग की थी। इसी सूची में उद्योगपति श्रवण गोयल की बेटी व दामाद का नाम भी शामिल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य शासन ने गड़बड़ी की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया है।

# सुरजीत सिंह भाटिया का निधन

**रायपुर।** सिविल लाइन रायपुर निवासी सरदार सुरजीत सिंह भाटिया का मंगलवार को देहावसान हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को अपराह्न 3.30 बजे मारवाड़ी संस्कार में किया जाएगा। वे गुलाबीर सिंह भाटिया के बड़े भाई, बलदेव सिंह भाटिया (पप्पू भाटिया), नीलू भाटिया के पिता एवं प्रभतेज सिंह भाटिया के दादा थे।






# एक रुपए के सिक्के से शख्स ने सजाई पूरी कार

**नई दिल्ली।** एक मिडिल क्लास फैमिली के लिए कार महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। बड़े शहरों में तो खास तौर पर लोग कार में चलना पसंद करते हैं। बहुत से लोग कई सालों तक पैसे बचाने के बाद अपने पसंदीदा रंग का कार खरीद पाते हैं। कुछ अपने मन मुताबिक कार को मॉडिफाई भी कराते हैं, जिससे उसका पूरा डिजाइन बदल जाता है। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही कार का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान रह गए हैं। इस कार की खासियत यह है कि इसे एक रुपए के सिक्कों से सजाया गया है। इस कार को पूरी तरह से एक रुपए के सिक्कों से कवर किया गया है, जो इसे एक बेहद ही अनोखा और आकर्षक लुक दे रहा है। कार का नंबर प्लेट देखकर ये कहा जा सकता है कि यह गाड़ी राजस्थान की है।



**कार को सिक्कों से सजाने का अनोखा आइडिया :** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि कार को एक रुपये के सिक्कों से कितने करीने से सजाया गया है। कार का हर एक हिस्सा सिक्कों से कवर किया गया है, जिससे यह देखने में बेहद ही सुंदर लग रही है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि कार शीशा और नंबर प्लेट पर कोई पर कोई प्रभाव न हो।

### सोशल मीडिया पर ऐसी प्रतिक्रिया

इस अनोखी कार को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स भी अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, यह कार तो कमाल की है। इसे देखकर मैं भी अपनी कार को सिक्कों से सजाना चाहता हूं। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, यह कार बनाने वाले का दिमाग वाकई में बहुत तेज है। इसने एक रुपए के सिक्कों से इतनी सुंदर कार बना दी। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर लोग तेजी से शेयर कर रहे हैं। खबर लिखने तक इस वीडियो को 87 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, साथ ही इस वीडियो को लगभग 2 लाख लोगों ने लाइक किया है।

















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com